दैनिक
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018
# नवयत्न
खबरें सड़क से संसद तक
वर्षः 17 | अंक 05 | सीकर, रविवार 01 मार्च 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8



## शिखर बंद पर चढ़ाया सूरजगढ़ का पावन निशान

# शिखर पर ध्वजा चढ़ाने और भोग आरती के साथ मेला संपन्न

## 15 लाख श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

प्रदीप सैनी

**खाटूश्यामजी ( नवयत्न )।** विश्व प्रसिद्ध खाटूश्याम मंदिर में आयोजित बाबा श्याम का वार्षिक फाल्गुनी लक्खी मेला प्रसिद्ध सूरजगढ़ का निशान चढ़ने और भोग आरती के साथ विधिवत संपन्न हो गया। हर साल की तरह इस बार भी सूरजगढ़ का निशान 152 किलोमीटर दूर से खाटू पहुंचा, जिसे मंदिर शिखर पर चढ़ाया गया। द्वादशी पर बाबा श्याम को खीर चूरमे का भोग लगाया गया। हालांकि मंदिर कमेटी के अनुसार, इस बार 8 दिन चले वार्षिक फाल्गुनी लक्खी मेले में 15 लाख 14 हजार 874 श्रद्धालुओं ने मंदिर में बाबा श्याम के दर्शन किए, जो पिछली बार की तुलना में करीब 5 लाख कम है। पिछली बार 12 दिन चले मेले में करीब 20 लाख भक्त खाटू धाम पहुंचे थे। आठ दिन तक चले इस आस्था पर्व का समापन भोग आरती और परंपरागत निशान चढ़ाने की रस्म के साथ हुआ, लेकिन मेले की रौनक अब भी बरकरार है और श्रद्धालुओं का सैलाब लगातार उमड़ रहा है। वहीं अफवाहों और बोर्ड परीक्षाओं का असर भी भीड़ पर देखने को मिला। इसके बावजूद समापन के बाद भी 14 लाइनों में लगकर भक्त बाबा श्याम के दर्शन कर रहे हैं।

### 3 को चंद्रग्रहण होने के कारण बंद रहेंगे पट

श्रीश्याम मंदिर कमेटी के मंत्री मानवेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि 3 मार्च को चंद्रग्रहण होने के कारण खाटू श्याम बाबा के पट पूरे दिन बंद रहेंगे। फिर 4 मार्च सुबह साढ़े 5 बजे मंगला आरती के साथ ही भक्तों के लिए पट खुल जाएंगे। इसी के साथ 4 मार्च को रात 9 बजे विशेष सेवा पूजा और तिलक श्रृंगार होने के कारण पट बंद हो जाएंगे और 5 मार्च की शाम 5 बजे फिर से पट खुल जाएंगे।

### चंद्र ग्रहण के कारण होली पर इस बार कम भक्त खाटू रुकेंगे

चौहान ने कहा कि मेले के समापन की घोषणा के बाद भक्त बाबा श्याम के दर्शन कर वापस अपने घरों को लौटना शुरू हो गए हैं। इस बार होली के त्योहार के बीच में चंद्रग्रहण होने के कारण बाबा श्याम के साथ होली खेलने के लिए श्याम नगरी में रुकने वाले श्रद्धालुओं की संख्या भी कम है और जो भक्त रुके हुए हैं वो होली के बाद ही खाटू धाम से रवाना होंगे।

## शांतिपूर्ण संपन्न हुआ मेला

**वार्षिक मेले के दौरान छोटी-मोटी घटनाओं और परेशानियों को अगर छोड़ दिया जाए तो मेला पूरी तरह से शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। जिसके चलते जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन और स्थानीय प्रबंधन ने अब राहत की सांस ली है। जिला प्रशासन की ओर से इस बार श्याम भक्तों के लिए सुरक्षा और सुविधा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पिछले साल के मुकाबले इस बार अधिक पुलिस जाब्ता मेले में तैनात किया गया था। श्री श्याम मंदिर कमेटी की ओर से भी भक्तों को श्रद्धालुओं की सुविधा और सहायता के लिए बेहतरीन व्यवस्थाएं की गई थीं।**

### सूरजगढ़ से खाटू श्याम निशान यात्राः आस्था की अमर गाथा

खाटू श्याम जी के लाखों भक्त विश्वभर में फैले हैं, लेकिन सूरजगढ़ से निकलने वाला निशान (ध्वजा) अपनी अनूठी आस्था और इतिहास के लिए विशेष पहचान रखता है। मुगल शासनकाल में लगभग 1779 के आसपास जब मुगलों ने खाटू मंदिर को ध्वस्त करने की साजिश रची, तो सूरजगढ़ के ठाकुर सूरजमल सिंह ने अपने जाबांज योद्धाओं, आम जनता और श्रद्धालुओं के साथ तलवारें उठाईं। सूरजगढ़ से खाटू तक पदयात्रा कर उन्होंने तीन माह तक मुगलों से युद्ध लड़ा और मंदिर की रक्षा की। इसी प्रकार अंग्रेजी काल में जब अंग्रेजों ने मंदिर के मुख्य द्वार पर ताला लगाकर आस्था पर ठेस पहुंचाने की कोशिश की, तो मंगला भगत ने मोर छड़ी से ताले पर प्रहार कर उसे खोल दिया। डर के मारे अंग्रेज पीछे हट गए। तब से मंदिर कमेटी ने निर्णय लिया कि सूरजगढ़ का निशान पूरे वर्ष मुख्य शिखर पर लहराएगा। यह परंपरा आज भी जीवंत है, जो सूरजगढ़ की भक्ति और बलिदान की प्रतीक बनी हुई है।

### 15 लाख श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के किए दर्शन

मंदिर कमेटी के पूर्व अध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान ने बताया कि खाटू में फाल्गुनी लक्खी मेला 21 फरवरी से 28 फरवरी तक बड़े ही धूमधाम से आयोजित किया गया। इस बार देशभर से 15 लाख से ज्यादा भक्तों ने खाटूनगरी पहुंचकर बाबा श्याम के दर्शन किए।

पिछले साल 2025 में लक्खी मेले में मंदिर कमेटी के अनुमान के मुताबिक करीब 20 लाख भक्त आए थे। पिछले साल के मुकाबले इस साल मेले में भक्तों की संख्या 5 लाख कम रही है, जबकि मेले की अवधि भी 4 दिन कम थी।

### खाटू मेले में इस बार वीआईपी लाइन भी भक्तों के लिए खुली रही

मंदिर कमेटी के पूर्व अध्यक्ष ने बताया कि इस बार खाटू मेले में वीआईपी दर्शन पूरी तरह से बंद थे। वीआईपी लाइन भी भक्तों के लिए खुली थी। पुलिस-प्रशासन की ओर से जगह-जगह टीनशैड लगाने से भी भक्तों को परेशानी का सामना करना पड़ा। पार्किंग्स की खाटू कस्बे से दूरी होने के कारण भी भक्तों की भीड़ कम रही। सीबीएसई और राजस्थान बोर्ड की परीक्षा, मेले से पहले 45 किलोमीटर पैदल चलने की अफवाह और खाटू-जयपुर बसों की हड़ताल का प्रभाव भी मेले में देखने को मिला।

## एसीआई संस्थान में रंगोत्सव मनाया




जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** स्थानीय जिला मुख्यालय स्थित एसीआई सी.सै. स्कूल में रंगोत्सव का धूमधाम से आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ ज्ञान की देवी सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष विद्यालय निदेशक मनोज शर्मा विकाष शर्मा की अध्यक्षता में दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम का आगाज गणेश वंदना के साथ किया गया। तत्पश्चात् फैन्सी ड्रेस का भव्य आयोजन किया गया है जिसमें छोटे विद्यार्थियों ने बढ चढ कर भाग लिया। इस कम्पीटीसन में कक्षा नर्सरी से द्वितीय कक्षा के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में निशिका, अभिनन्दन, दिव्यांका, अरस्तु, हर्षिता, दीपल, इकरा यशवी, वेदांषी आदि विजेता रहे। इस अवसर पर कक्षा 7 के विद्यार्थियों द्वारा भक्त प्रह्लाद के जीवन की सुन्दर झांकी प्रस्तुत की गई जिसमें होलिका को बुराई के रूप में तथा प्रह्लाद को अच्छाई व सच्चाई के रूप में प्रस्तुत किया गया जो हमें सिखाता है कि सत्य हमेशा विजयी होता है। संस्था निदेशक मनोज शर्मा ने कहा कि इस प्रकार का कार्यक्रम विद्यार्थियों को मानसिक दृढता, कल्पनाशीलता और नवीनता विकसित करने के साथ-साथ उनके कौशल को निखारने का अवसर प्रदान करता है। यह दिन बुराई के अंत का और अच्छाई की जीत का प्रतीक माना जाता है जो सामाजिक सद्भाव, समानता और नये सिरे से जीवन की शुरूआत है।

इसलिए हमें अतीत की कड़वाहट भुलाकर भेदभाव मिटाकर भाईचारे के साथ रहना चाहिए। इस अवसर पर विजय सैनी, सुनिल कुमार, धर्मेन्द्र नागर, दिव्या रोहिल्ला, दिनेश वर्मा, राधेश्याम शर्मा, अशोक जाँगिड़, महेन्द्र सिंह, दिनेश आचार्य, दिवेंक शर्मा, कविता राठौड़, दायम खान, आशा शर्मा, प्रियंका शर्मा, सरोज, निशा शर्मा, सुमन चैहान, वैशाली, पूनम शर्मा, नरेश कुमार, प्रशस्ति कसाना, हेमन्त जाँगिड़, रमेश मील, यश शर्मा, बिलाल अली, आकाश योगीए खलील आदि उपस्थित थें। कार्यक्रम का सफल संचालन कक्षा अध्यापिका रितिका बहुगुणा द्वारा किया गया।

## ईडी में राहत दिलाने के नाम पर 13 लाख की रिश्वत लेते हेड कांस्टेबल गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो एसीबी की स्पेशल यूनिट-द्वितीय जयपुर टीम ने कार्रवाई करते हुए प्रवर्तन निदेशालय ईडी में राहत दिलाने के नाम पर 13 लाख रुपए की रिश्वत लेते ईडी के हेड कांस्टेबल उत्तम पांडेय को गिरफ्तार किया है। एसीबी पुलिस महानिदेशक गोविंद गुप्ता ने बताया कि परिवादी ने 30 दिसंबर 2025 को एसीबी जयपुर में शिकायत दर्ज कराई थी कि वर्ष 2022 में क्यूएफएक्स प्राइवेट लिमिटेड नामक निजी कंपनी में निवेश के संबंध में उसके साथ धोखाधड़ी हुई थी। इसी प्रकरण में ईडी के हेड कांस्टेबल उत्तम पांडेय ने परिवादी से संपर्क कर स्वयं को ईडी चंडीगढ़ के सहायक निदेशक कार्यालय से संबद्ध बताते हुए मामले में नाम




हटाने और राहत दिलाने के बदले रिश्वत की मांग की। प्रारंभ में आरोपी ने 20 लाख रुपए की मांग कीए जिसे बाद में घटा कर 15 लाख और अंततः 13 लाख रुपए पर सहमति बनी। शिकायत के सत्यापन के बाद उप महानिरीक्षक अनिल कयाल के सुपरविजन में उप अधीक्षक विजय सिंह ने ट्रैप कार्रवाई की। ट्रैप के दौरान आरोपी ईडी के हेड कांस्टेबल उत्तम पाण्डेय को कल्याण सर्किल स्थित होटल अशोका के पास 13 लाख रुपए की रिश्वत राशि लेते हुए गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से 2 लाख रुपए नकद और 11 लाख रुपए अन्य माध्यम से प्राप्त राशि बरामद की गई। एसीबी की एडीजी स्मिता श्रीवास्तव के सुपरविजन में आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

वहीं एसीबी की टीम आरोपी के आवास और अन्य ठिकानों पर तलाशी ली जाएगी। इसके साथ ही गिरफ्तार आरोपी के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है कि वह आरोपी वास्तव में ईडी का कर्मचारी है या केवल विभाग के नाम से खौफ दिखा रहा था।

## गीतांजलि समूह का फागोत्सव-2026 आज

संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** गीतांजलि ज्वैलर्स व पंचनिधि आयुर्वेद एवं पंचकर्म सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में हर वर्ष की भांति इस बार भी रंगों के त्योहार होली पर फागोत्सव-2026 का आयोजन किया जा रहा है। यह रंगारंग कार्यक्रम रविवार, 1 मार्च को ग्राम हमीरी खुर्द स्थित गीतांजलि फार्म हाउस पर सांय 7 बजे से शुरू होगा। आयोजन में जयपुर की रूप सिंह शेखावत एंड पार्टी धमाल और फाल्गुनी गीतों से सजी आकर्षक प्रस्तुतियाँ देंगी।

कार्यक्रम को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं और आयोजन स्थल को पारंपरिक साज-सज्जा से सजाया जा रहा है। गीतांजलि समूह के चेयरमैन शिवकरण जानू ने बताया कि फागोत्सव का उद्देश्य होली के पावन अवसर पर आपसी भाईचारा, प्रेम और लोक संस्कृति को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर झुंझुनू विधायक राजेन्द्र भाम्बू तथा पूर्व विधायक व भाजपा लोकसभा प्रत्याशी रहे शुभकरण चौधरी का अभिनंदन भी किया जाएगा। गीतांजलि समूह द्वारा आयोजित यह फागोत्सव क्षेत्र में सांस्कृतिक एकता और उत्साह का संदेश देने वाला विशेष आयोजन माना जा रहा है।



गीतांजलि समूह के चेयरमैन शिवकरण जानू की अगुवाई में फागोत्सव की तैयारियों को दिया अंतिम रूप।

## अजमेर में पीएम बोले- कांग्रेस के कुकर्मों को देश माफ नहीं करेगा

### ये अब आईएनसी नहीं, एमएमसी है यानि मुस्लिम लीगी माओवादी कांग्रेस

**अजमेर।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान के अजमेर से ह्यूमन पैपिलोमा वायरस वैक्सीनेशन अभियान की शुरुआत की। जनसभा में मोदी ने कहा- कांग्रेस को कुकर्मों के लिए देश कभी माफ नहीं करेगा। पूरे देश में कांग्रेस लगातार हार रही है और गुस्से में इसका बदला भारत को बदनाम करके ले रही है। कभी कांग्रेस आईएनसी यानी इंडियन नेशनल कांग्रेस थी। अब आईएनसी नहीं बची है। आज वो एमएमसी बन गई है। एमएमसी यानी मुस्लिम लीगी माओवादी कांग्रेस। शनिवार को क्करू मोदी अजमेर के कायड़ विश्रामस्थली में सभा को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले अभियान की शुरुआत में मनीषा रावत, भूमिका, पूर्वी अग्रवाल, चंचल, चिड़िया मेघवंशी को वैक्सीनेशन लगाई गई। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी लड़कियों से वैक्सीनेशन के बारे में जानकारी ली। साथ ही यह भी पूछा कि टीका क्यों लगाया जाता है? प्रधानमंत्री ने छात्राओं से एग्जाम के बारे में बात की। पूर्वी अग्रवाल और चंचल ने बताया कि उन्हें प्रधानमंत्री से बात करके बहुत अच्छा लगा। प्रधानमंत्री ने युवाओं को सरकारी नौकरी के जॉइनिंग लेटर भी दिए।

### कोबरी-सार



# किसान महापंचायत आयोजित



निसं

**सरदारशहर ( नवयत्न )।** अखिल भारतीय किसान सभा के बैनर तले गांधी चौक पर किसान महापंचायत का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सीकर सांसद अमराराम चौधरी ने कहा कि देश का प्रधानमंत्री मोदी किसान, मजदूर, कमजोर वर्ग पर अत्याचार कर रहे है। सेना में भर्ती होने वाले युवाओं को अग्नीवीर बना दिया गया शादी सुदा युवा सेना भर्ती में नहीं हो सकता है। जरूरतमंदो को पट्टे नहीं मिल रहे है, किसानों के खेतों में बीचों-बीच हाई वोल्टेज की बिजली लाईने जा रही है जिसका मुआवजा किसानों को दिया नहीं जा रहा है। फसलों का बकाया बीमा क्लेम भी रूका हुआ पड़ा है जिसको बीमा कंपनी और बैंक कर्मचारियों की मिली भगत से डकारना चाहते है। इस मुद्दे को लेकर किसानों ने महापंचायत की है जिसकी लड़ाई लंबी चलेगी। इसी प्रकार विशिष्ट अतिथि बलवान पूनिया ने कहा कि भाजपा किसान व मजदूर के पीछे पड़ी हुई है। केवल मोदी सरकार अडानी-अंबानी के साथ मिलीकर काम कर रही है जिसके कारण किसानों को कमजोर कर रही है। प्रदेश में बीमा कंपनी भी इन भाजपा नेताओं के साथ मिलकर कार्य रही है। किसानों ने ताल मैदान से गांधी चौक तक जन आक्रोश रैली भी निकाली गई। इस दौरान किसान नेताओं ने महापंचायत के जरिए प्रशासन और सरकार के सामने अपनी प्रमुख मांगें फसल बीमा क्लेम, लंबित बीमा राशि का तुरंत भुगतान, बिजली समस्या, कृषि कुओं पर पर्याप्त और गुणवत्तापूर्ण बिजली की आपूर्ति। 765 केवी हाईटेंशन लाइन से प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा। ढाणियों में सिंगल फेज बिजली कनेक्शन की सुविधा। नरेगा कार्यों में पारदर्शिता और श्रमिकों के हितों की रक्षा के मुद्दो को लेकर किसानों ने तहसीलदार रतनलाल मीणा सहित थानाअधिकारी मदनलाल विश्नोई के साथ किसानों ने वार्ता करते हुए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा। इस मौके पर कामरेड नेता निर्मल प्रजापत, माकपा किशन पारीक, नागोर जिलाध्यक्ष भागीरथ नेतड़, जिलाध्यक्ष इंद्राज सिंह, उमरामसिंह, किसान नेता कामरेड रामकृष्ण छींपा, सांवरमल मेघवाल, भगवानाराम जाखड़, रामकरन भांभू, काशीराम सारण आदि किसान नेताओं ने संबोधित किया। किसान महापंचायत का संचालन सांवरमल मेघवाल ने किया।


# मानसरोवर विराट सिंधु मेला 16 मार्च को



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** पूज्य सिंधी पंचायत समिति सेक्टर-12 अग्रवाल फार्म मानसरोवर एवं श्री झूलेलाल फाउंडेशन राजस्थान के तत्वावधान में मानसरोवर विराट सिंधु मेला-2026 का आयोजन 16 मार्च को किया जाएगा। चेटीचंड महोत्सव के उपलक्ष्य में यह मेला अग्रवाल फार्म स्थित एसएफएस सामुदायिक केंद्र में दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक आयोजित होगा। श्री झूलेलाल फाउंडेशन के अध्यक्ष मुकेश कुमार लख्यानी ने बताया कि दोपहर 2 बजे शीश महल झूलेलाल मंदिर से भव्य ज्योत यात्रा निकाली जाएगी। जो मध्यम मार्ग से होते हुए एसएफएस सामुदायिक केंद्र पहुंचेगी। यहां श्री अमरापुर स्थान के संत सांई मोनू राम महाराज एवं संत मंडली के सान्निध्य में ज्योत प्रज्ज्वलन और ध्वजारोहण होगा। मेले में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। विशेष आकर्षण के रूप में इंडियन आइडल फेम मोहित शेवानी का लाइव कॉन्सर्ट पहली बार जयपुर में आयोजित होगा। वे अपनी टीम के साथ जर्नी ऑफ सिंधीज की संगीतमय प्रस्तुति देंगे, जो सिंध, सिंधी और सिंधियत की सांस्कृतिक विरासत पर आधारित होगी। सांस्कृतिक कार्यक्रम सायं 7:15 बजे से शुरू होंगे। मेले में सिंधु संस्कृति को दर्शाती झांकियां, भगवान झूलेलाल चित्र रंग भरो प्रतियोगिता तथा सिंधी व्यंजन प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी। विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही अप्रैल 2025 के बाद जन्मी नवजात बालिकाओं का सम्मान भी किया जाएगा। कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन श्री अमरापुर स्थान पर परम पूज्य सद्गुरु स्वामी भगत प्रकाश महाराज के कर-कमलों से किया गया। इस अवसर पर समिति के मनोज तेजवानी, किशोर सचदेवा, अर्जुनदास चंदानी, प्रेम मेघानी, मनोज लखवानी, जय कुमार, किशोर बाबा, मनोज आलवानी सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# मिंत्रा ग्लैमफेस्ट टूर में फरहान अख्तर रहे सुर्खियों में



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** मिंत्रा ने जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी जयपुर के वार्षिकोत्सव जेयू रिद्म 26 में मिंत्रा ग्लैमफेस्ट टूर का आयोजन किया। जिसमें कैंपस का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। शहर के अग्रणी संस्थानों में से एक में आयोजित इस इवेंट में 14000 से अधिक स्टूडेंट्स और संगीत प्रेमियों ने हिस्सा लिया। जिससे पूरा कैंपस फैशन की खोज, लाईव एंटरटेनमेंट और यूथ कल्चर के जीवंत केंद्र में तब्दील हो गया। मिंत्रा ग्लैमफेस्ट टूर के बारे में अभिषेक गौर, सीनियर डायरेक्टर ऑफ ब्रांड, मिंत्रा ने बताया कि युवाओं को जोड़ने का हमारा नजरिया पारंपरिक ब्रांड इंटरैक्शन से अनुभव-आधारित और सामुदायिक फॉर्मेट्स में विकसित हो रहा है। जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी में मिंत्रा ग्लैमफेस्ट टूर के साथ हम युवाओं से ऐसे जुड़े, जो कैंपस के वातावरण के लिए प्रामाणिक था तथा प्रदर्शित करता था कि जेन जी और फैशन के बीच तालमेल कैसे बनता है, जिससे ट्रेंड की खोज और अधिक इन्ट्यूटिव, सोशल और उनकी रुचि के अनुरूप बन गई। इसका समापन मशहूर सिंगर, एक्टर और परफॉर्मर फरहान अख्तर की जबरदस्त लाइव परफॉर्मेंस के साथ हुआ। उनके डायनामिक व्यक्तित्व और सिग्नेचर रॉक-इन्फ्यूज्ड साउंड के लिए कैंपस में सभी स्टूडेंट्स की उत्साहवर्धक प्रतिक्रिया देखने को मिली। उन्होंने अपने कई लोकप्रिय ट्रैक्स पेश किए, जिससे पूरा माहौल ऊर्जा से भर गया और सभी लोग उनके सुर से सुर मिलाने लगे, जिससे सभी लोगों को संगीत का बेहतरीन अनुभव प्राप्त हुआ। जयपुर एडिशन में पूरे दिन दिलचस्प गतिविधियाँ चलीं। स्टूडेंट्स ने फैशन शो, कैंपस शोकेज और इंटरैक्टिव अनुभवों में पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया। मिंत्रा एक्सपीरियंस जोन ने सभी को आकर्षित किया। यहाँ पर कई मजेदार इंटरैक्शन, स्टाईलिंग के सत्र और विज्युअल इंस्टॉलेशन देखने को मिले, जिनमें एक्सप्लोरेशन और सैल्फ, क्सप्रेशन को बढ़ावा मिला।

# विज्ञान बच्चों में तार्किक शक्ति बढ़ाता है : सोनगरा

निसं




**सरदारशहर ( नवयत्न )।** स्थानीय शाकम्भरी विद्यापीठ उच्च माध्यमिक विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का सीबीईओ सुभाष सोनगरा, संस्था अध्यक्ष पुष्पा शर्मा, अणुव्रत समिति अध्यक्ष सुमन भंसाली द्वारा रिबन काटकर एवं मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया।

मुख्य अतिथि सोनगरा ने उद्घाटन करते हुए कहा कि यह प्रदर्शनी छात्रों की वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित करने का बेहतरीन माध्यम है। विज्ञान ही देश का भविष्य है। कार्यक्रम में तेरापंथ योग परिषद के अध्यक्ष मोहित आंचलिया, मंत्री विशाल बोरड, बिंदु छाजेड, विजय जैन, लोकेश सेठिया, आलोक सिंह, दिव्या गौड़ सहित उपस्थित अतिथियों, शिक्षकों, अभिभावकों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर बच्चों के बनाए हुए मॉडल्स की जानकारी प्राप्त की। इस प्रदर्शनी में विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया व विभिन्न प्रकार के विज्ञान मॉडल और प्रोजेक्ट्स प्रस्तुत किए जिन्हें देखकर शिक्षकों और अभिभावकों ने उनकी सराहना की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य भरत गौड़ ने कहा विज्ञान प्रदर्शनी का उद्देश्य छात्रों में विज्ञान के प्रति रुचि पैदा करना और उनकी प्रतिभा को विकसित करना है। हमें खुशी है कि हमारे छात्रों ने इस प्रदर्शनी में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है।

छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण, पवन ऊर्जा और जैव प्रौद्योगिकी जैसे रोचक विषयों पर मॉडल प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में अभिभावकों और शिक्षकों की भी अच्छी खासी उपस्थिति रही। संस्था अध्यक्ष पुष्पा शर्मा ने कहा कि ऐसी प्रदर्शनियां छात्रों में वैज्ञानिक जिज्ञासा जगाने में सहायक सिद्ध हो रही हैं। विद्यालय प्रशासन ने इस तरह के आयोजन पर शिक्षकों व छात्रों की सक्रिय भागीदारी की सराहना की। कार्यक्रम प्रभारी सूर्य प्रकाश पारीक, दिव्या सोनी और अर्चना चौधरी ने बच्चों का मार्गदर्शन किया। जीवन विज्ञान के इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चों को अणुव्रत समिति सरदारशहर द्वारा सम्मानित करने की घोषणा की। आचार्यश्री महाप्रज्ञ का सपना था हर स्कूलों में बच्चों को जीवन विज्ञान के बारे में प्रशिक्षण दिया जाए आज हम देख रहे हैं अणुव्रत समितियां स्कूलों में जाकर जीवन विज्ञान के बारे में अलग-अलग कार्यक्रमों के द्वारा बच्चों को प्रशिक्षण दे रही है। इसमें उपस्थित अणुव्रत समिति के सभी पदाधिकारीगण युवक परिषद स्कूल के प्रधानाचार्य व सभी टीचर्स व अभिभावकों ने इस कार्यक्रम को बहुत सराहा।

# केमिकल रंगों से सेहत पर खतरा, सुरक्षित होली के लिए हर्बल रंग अपनाएं : सिंह

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** रंगों का पर्व होली आपसी प्रेम, सौहार्द और उत्साह का प्रतीक है। इस दिन लोग एक-दूसरे को गुलाल लगाकर गिले-शिकवे भूलते हैं और नई शुरुआत का संकल्प लेते हैं। लेकिन बाजार में बिक रहे केमिकल युक्त रंग इस खुशी में खलल डाल सकते हैं। जिसके चलते चिकित्सक महेश सिंह ने सलाह दी है कि रासायनिक रंग-गुलाल से त्वचा, आंख और सांस संबंधी गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। ऐसे में होली पर प्राकृतिक, ऑर्गेनिक और हर्बल रंगों का उपयोग करना ही समझदारी है। चिकित्सक सिंह ने बताया कि बाजार में मिलने वाले कई रंगों में लेड ऑक्साइड, क्रोमियम, कॉपर सल्फेट और अन्य हानिकारक रसायन मिलाए जाते हैं। ये तत्व त्वचा पर लाल चकत्ते, खुजली, जलन, सूजन और एलर्जी का कारण बनते हैं। संवेदनशील त्वचा वाले लोगों में डर्मेटाइटिस और एक्जिमा की समस्या बढ़ सकती है। कई बार



रंगों के दुष्प्रभाव लंबे समय तक बने रहते हैं और उपचार की आवश्यकता पड़ती है।

## बाल और स्कैल्प पर असर

रासायनिक रंग बालों की प्राकृतिक नमी को खत्म कर देते हैं। इससे बाल रूखे, बेजान और कमजोर होकर टूटने लगते हैं। स्कैल्प में खुजली, डैंड्रफऔर फंगल संक्रमण का खतरा भी बढ़ जाता है। रंग खेलने से पहले बालों में तेल लगाने और सिर को ढकने की सलाह दी गई है।

## आंख और सांस के मरीज विशेष सतर्क रहें

सूखे रंगों की महीन परत सांस के साथ अंदर जाने पर अस्थमा और एलर्जी के मरीजों को सांस लेने में परेशानी हो सकती है। आंखों में रंग जाने से जलन, लालिमा, सूजन और कंजक्टिवाइटिस आई फ्लू का खतरा रहता है। गंभीर मामलों में कॉर्निया को भी नुकसान पहुंच सकता है। उन्होंने सलाह दी कि यदि रंग आंख में चला जाए तो तुरंत साफ पानी से धोएं और समस्या होने पर चिकित्सक से संपर्क करें।

## बच्चों और बुजुर्गो का रखें खास ध्यान

चिकित्सक सिंह ने कहा कि बच्चों की त्वचा और आंखें बेहद संवेदनशील होती हैं। उन्हें केवल प्राकृतिक और हर्बल रंगों से ही होली खेलने दें। बुजुर्ग और पहले से त्वचा या श्वास संबंधी रोगों से पीडति लोग भी विशेष सावधानी बरतें।

## वॉटर बैलून से गंभीर चोट का खतरा

होली के दौरान पानी से भरे गुब्बारे फेंकना खतरनाक हो सकता है। तेज गति से फेंका गया गुब्बारा आंख, कान या चेहरे पर लगने से गंभीर चोट पहुंचा सकता है। इससे कॉर्निया डैमेज, कान के पर्दे पर असर, नाक से खून आना और सिर में सूजन जैसी समस्याएं हो सकती हैं। दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह विशेष रूप से जोखिम भरा है, क्योंकि अचानक गुब्बारा लगने से संतुलन बिगड़कर दुर्घटना हो सकती है।

## सुरक्षित होली के लिए दिए सुझाव

चिकित्सक सिंह ने बताया कि केवल हर्बल और प्राकृतिक रंगों का उपयोग करें। रंग खेलने से पहले त्वचा पर नारियल या सरसों का तेल लगाएं। आंखों की सुरक्षा के लिए चश्मा पहन सकते हैं। अधिक पानी की बर्बादी से बचें और स्वच्छ पानी का ही उपयोग करें। किसी पर जबरदस्ती रंग न डालें। चिकित्सक महेश सिंह ने अपील की है कि होली उत्साह और उमंग के साथ मनाएं, लेकिन स्वास्थ्य और सुरक्षा को प्राथमिकता दें। प्राकृतिक रंगों के साथ मनाई गई होली ही सच्चे अर्थों में खुशियों से भरी और सुरक्षित होगी।

# फ्रेंडली फेस्टिवल कार्यक्रम आयोजित



निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** अणुव्रत समिति नोखा द्वारा इको फ्रेंडली फेस्टिवल कार्यक्रम के तहत जय तुलसी विद्या विहार में सादगी पूर्ण रंगारंग कार्यक्रम रखा गया। मुख्य वक्ताओं द्वारा होली के अवसर पर नशा नहीं करने एवं केमिकल वाले वाले कलर का उपयोग नहीं करने की अपील की। समिति के मंत्री गजेंद्र पारख ने अणुव्रत नियमों के पालन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विद्यार्थियों द्वारा अहिंसक तरीके से फेस्टिवल मनाने के गीत एवं नाटक प्रस्तुत किये। संस्थान निदेशक पुलकित ललवानी ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए आगंतुकों का स्वागत किया। प्राचार्य खुशबू ने इस अवसर पर अणुव्रत संहिता की क्रियात्मक जानकारी दी । कोषाध्यक्ष हरिकिशन शर्मा ने शाला के विधार्थीयों व शिक्षकों को ईको फ्रेण्डली त्योंहार मनाने की शपथ दिलाई।

अणुव्रत समिति के अध्यक्ष रमेश कुमार व्यास ने बताया कि रविवार को अणुव्रत स्थापना दिवस मनाया जाएगा। महावीर चौक स्थित तेरापंथ भवन पर प्रात: 8:45 पर ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का आगाज होगा तत्पश्चात शासन गौरव साध्वी श्री राजीमति के सानिध्य में व्याख्यान एवं अन्य कार्यक्रम होंगे। जिसमें अधिक से अधिक लोगों को पहुंचने का आह्वान किया।

# एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारम्भ



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** चिकित्सा विभाग के एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अजमेर के कायड़ विश्राम स्थली से किया। यह एचपीवी वैक्सीन 14 साल तक की बेटियों को लगाया जाएगा। टीका सर्वाइकल कैंसर से बेटियों का बचाव करेगा। जिला मुख्यालय पर आयोजित मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव में सैकड़ों युवा वेबकास्टिंग के माध्यम से अजमेर में हुए कार्यक्रम में जुड़े।

मेले में विभिन्न विभागों के 815 युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया गया। सभी युवा सिर पर सफेद टॉपी और गले में लहरिया का दुपट्टा डालकर अजमेर में हुए कार्यक्रम से जुड़े। जिला स्तरीय समारोह में नव नियुक्ति कार्मिकों का सुबह के समय कार्यक्रम के नोडल विभाग चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की देखरेख में कार्मिकों द्वारा पंजीकरण किया गया और उनको वेलकम किट, सफेद टॉपी और लहरिया दुपटटा दिया। इस मौके पर जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा, अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतनलाल, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजपाल यादव, श्री कल्याण मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ अशोक चौधरी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया सहित सभी अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। इधर एचपीवी वैक्सीन के टीकाकरण अभियान का प्रधानमंत्री द्वारा शुभारंभ किए जाने के बाद जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विशाल सिंह की देखरेख में जनाना अस्पताल में 14 साल तक की बेटियों को टीका लगाया गया। चिकित्सा विभाग की ओर से शनिवार को सीकर के जनाना अस्पताल तथा अरबन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नंबर तीन पर टीकाकरण सत्र आयोजित कर बेटियों का सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए टीका लगाया गया।

# समुचित दायित्व निर्वहन से विकसित समाज की संकल्पना को करें साकार : सुराणा

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में अजमेर स्थित कायड़ विश्राम स्थली में शनिवार को मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव व युवा सम्मेलन का प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एचपीवी वैक्सीन का शुभारंभ किया तथा 21800 से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी के नियुक्ति पत्रों का वितरण किया। इसी के साथ 16600 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन किया और 1000 करोड़ रुपये सामाजिक सुरक्षा पेंशन का हस्तांतरण किया। इसी के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश के युवाओं को संबोधित किया।

## कर्तव्यों को अधिकारों से ऊपर रखें : सुराणा

इसी क्रम में जिला मुख्यालय पर मातुश्री कमला गोयनका टाऊन हॉल में शनिवार को मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव व युवा सम्मेलन का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम से वीसी के जरिए प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम से जुड़ा रहा। कार्यक्रम का जिला, ब्लॉक व पंचायत स्तर पर प्रसारण भी किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला कलक्टर




अभिषेक सुराणा, सीईओ श्वेता कोचर, सीएमएचओ डॉ मनोज शर्मा, पीडीयू मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ एमएम पुकार, एसीएमएचओ डॉ अहसान गौरी, बसंत शर्मा, महेंद्र न्यौल सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों ने शिरकत की। इस मौके पर संबोधित करते हुए जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि युवा रचनात्मक कार्यों में स्वयं को लगाएं। युवा नियमित रूप से अखबार और किताबें पढ़ें तथा अपने सपनों को नई ऊंचाइयां दें।

उन्होंने कहा कि युवा मेरा क्या और मुझे क्या की सोच से आगे बढ़कर कर्तव्यों को अधिकारों से ऊपर रखें। हम पूर्ण कर्तव्यनिष्ठा से अपने दायित्वों के निर्वहन से विकसित समाज की संकल्पना को साकार करें। उन्होंने कहा कि हमारा व्यवहार और गतिविधियां सरकार का प्रतिदर्श है, इसलिए नैतिक आचरण और सेवा भावना से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की लक्षित समूह तक पहुंच और देश-प्रदेश को विकसित बनाना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है और नैतिक आचरण व सेवा भावना से ही अंत्योदय की भावना साकार हो सकती है। सुराणा ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा पारदर्शी ढंग से भर्ती परीक्षाएं आयोजित की जा रही हैं और युवाओं को आगे बढ़ने के भरपूर अवसर उपलब्ध करवाए जा रहें हैं। युवा नियमित रूप से रचनात्मक गतिविधियों को दिनचर्या में शामिल करें और स्वयं को शारीरिक व मानसिक रूप से तंदुरुस्त रखें। उन्होंने नवनियुक्त कार्मिकों को उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं प्रेषित की। बसंत शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार पारदर्शिता से काम कर रही है। युवाओं को रोजगार देने का काम कर रही है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में बिना पेपरलीक हुए भर्ती परीक्षाएं आयोजित हो रही हैं और युवाओं की योग्यता को सम्मान मिल रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने सड़क, धार्मिक स्थल का सौंदर्य, इंफ्रास्ट्रक्चर सहित मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ किया है। डबल इंजन सरकार के प्रयासों से विकसित और समृद्ध राष्ट्र की दिशा में मजबूती से कदम बढ़ाए जा रहे हैं। हम कर्तव्यनिष्ठा से अपने दायित्वों का निर्वहन करें और मातृभूमि की सेवा के लिए कार्य करें।

## नवनियुक्त युवाओं को प्रदान किए वेलकम किट

इस दौरान जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, सीईओ श्वेता कोचर, पूर्व जिला उप प्रमुख महेंद्र न्यौल, बसंत शर्मा, भास्कर शर्मा सहित अतिथियों ने महेंद्र कुमार,, नरेंद्र कालदा, राजेंद्र इंदलिया, सोनू कुमारी, पुष्प सहित नवनियुक्त युवाओं को वेलकम किट प्रदान किए और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की। इस दौरान एसीईओ भागचंद खारिया, रोजगार सहायक निदेशक वर्षा जानू, सुरेंद्र कुमार, नीरज जांगिड़, रजत शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

संचालन शिव कुमार शर्मा व रवि दाधीच ने किया।

# 100 फीट गहरे कुएं से 3 श्वानों को सुरक्षित निकाला

निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** मानोता के पास तोड़ा वाली ढाणी में 100 फीट गहरे कुएं में पिछले पांच दिनों से गिरे तीन स्वानों को आखिरकार सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। सूचना मिलते ही गौ रक्षा दल की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और अपनी जान जोखिम में डालकर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। कुआं करीब 100 फीट गहरा होने के कारण रेस्क्यू अभियान काफी चुनौतीपूर्ण रहा।

टीम ने लोरिंग ;रस्सी व सुरक्षा उपकरणों की मदद से कुएं में उतरकर कड़ी मशक्कत के



बाद तीनों स्वानों को सफलतापूर्वक बाहर निकाला। लगभग कई घंटों तक चले इस अभियान के दौरान ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुटी रही। रेस्क्यू टीम में नितिन, नितिन जांगिड़, यश शर्मा, रवि सहित ग्रामीण मोनू, अनिल और हवासिंह आदि का विशेष सहयोग रहा। टीम की बहादुरी और तत्परता की ग्रामीणों ने सराहना की।

ग्रामीणों ने बताया कि यदि समय रहते रेस्क्यू नहीं किया जाता तो स्वानों की जान को खतरा हो सकता था। गौ रक्षा दल की सजगता और साहस से तीनों बेजुबान जानवरों को नया जीवन मिला।

# जवाहर कला केंद्र में तराना दिल से आज

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** शहर के कला और संगीत प्रेमियों के लिए 1 मार्च को एक खास संध्या सजने जा रही है। तराना दिल से म्यूजिकल ग्रुप द्वारा जवाहर कला केंद्र के ओपन एयर थिएटर में भव्य संगीतमय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन में 63 गायक-गायिकाएं मंच पर 36 सदाबहार युगल एवं एकल गीतों की शानदार प्रस्तुतियां देंगे। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक राकेश गुप्ता और सुनीता एरोन ने बताया कि यह संगीतमय संध्या श्रोताओं को पुराने दौर के मधुर और लोकप्रिय गीतों की याद दिलाएगी। सह-आयोजक नवीन और राजेश के अनुसार कार्यक्रम की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं और इसे भव्य रूप देने के लिए विशेष मंच सज्जा और ध्वनि व्यवस्था की जा रही है।

आयोजन में रियल एस्टेट क्षेत्र के प्रतिष्ठित बिल्डर एवं डेवलपर मनीष गोयल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

# नन्दीशाला में आयोजित हुवा फाग महोत्सव



निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** अनोखे नोखा में होली अलग ही समां बांधती है अल्हड़ और मदमस्त स्वभाव के लोगों में फाग का रंग अब पूरी तरह अपने परवान पर है। जन्हा पुरुषों की टोलियां रात्रि में चंग धमाल का आयोजन जगह जगह चौक चौराहे पर कर रहे है तो महिलाएं लड्डूगोपाल व मन्दिरो व घरो में फाग महोत्सव का कार्यक्रम आयोजित कर रही है इसी क्रम में शनिवार को निराश्रित गोवंश सेवा समिति द्वारा आयोजित फाग महोत्सव के व होली चंग धमाल का आयोजन नन्दीशाला नोखा में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत नन्दीशाला में स्थित शिवालय में भगवान भोलेनाथ व नन्दी भगवान व लड्डूगोपाल जी को रंग गुलाल व पुष्पो से होली खिलाकर की गई जिसके बाद आये हुवे सभी महिलाओ ने एक दूसरे को रंग गुलाल का तिलक व पुष्पो से होली खिलाई गई व सिमिति के अंकित तोषनीवाल ने बताया कि कार्यक्रम में चमत्कारी हनुमान जी मन्दिर की विमला बाई एन्ड पार्टी ने ष्बाबा भोलेनाथ के भजन व फागण के गीतों पर चंग की थाप पर मधुरम्य गीत व धमाल की प्रस्तुतिया दी व जिस पर जमकर नृत्य व तालिया बजी। इस अवसर पर चमत्कारी हनुमानजी सत्संग महिला मंडली द्वारा नन्दी सेवार्थ 19100 रुपये भेंट किए गए व सभी मातृशक्ति ने नन्दियो को गुड़ खिलाया गया। कर्यक्रम के अंत मे सिमिति की तरफसे सभी का आभार व्यक्त किया गया।

# विज्ञान दिवस पर विद्यार्थियों ने बिखेरे रंग



निसं

**रींगस ( नवयत्न )।** सीसीए शिक्षण संस्थान समूह, रींगस में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के संरक्षक रमेश चंद्र सक्सेना, निदेशक डॉ अजय सक्सेना एवं सह-निदेशक कविता सक्सेना द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने विभिन्न वैज्ञानिक विषयों पर आकर्षक एवं ज्ञानवर्धक मॉडल प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने होलोग्राम, मानव हाथ का मॉडल, गीजर, सौरमंडल, वाटर रॉकेट, जल फिल्टर, उत्सर्जन तंत्र, इलेक्ट्रिक चॉपर, इलेक्ट्रिक सर्किट, पेंडुलम, ज्वालामुखी तथा चंद्रयान-3 जैसे विषयों पर उत्कृष्ट मॉडल तैयार किए। छात्रों ने अपने मॉडलों के माध्यम से वैज्ञानिक सिद्धांतों को सरल एवं प्रभावी ढंग से समझाया। कार्यक्रम के दौरान सभी बच्चों ने गतिविधियों का भरपूर आनंद लिया। विद्यार्थियों की रचनात्मकता, वैज्ञानिक सोच एवं प्रस्तुतीकरण कौशल की सभी ने सराहना की। संस्थान द्वारा अंतर्गत द्वारा अंतराविद्यालयी क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिससे विद्यार्थियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को प्रोत्साहित किया गया। प्रतियोगिता में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर संस्थान के अन्य गणमान्य सदस्य भी उपस्थित रहे। जिनमें मंजू राठौड़, राजेन्द्र कुमावत, अभय छीपा, अशोक पलसानिया, अर्जुन राजोरिया, सुभाष दिवाच, लक्ष्मण आदि शामिल रहे। संस्थान प्रबंधन ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार एवं अनुसंधान की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# खेतड़ी को बजट में मिली बड़ी सौगातें, ग्रामीणों ने विधायक का जताया आभार

निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** विधानसभा में बजट वर्ष 2026-27 के वित्त एवं विनियोग विधेयक पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने खेतड़ी विधानसभा क्षेत्र के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं। जिले में सर्वाधिक घोषणाएं खेतड़ी क्षेत्र को मिलने से स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल है। मुख्यमंत्री ने खेतड़ी के उप जिला अस्पताल में ट्रोमा सेंटर स्थापित करने की घोषणा की, जिससे क्षेत्रवासियों को आपातकालीन चिकित्सा सुविधाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो सकेंगी। अभी तक गंभीर घायलों को झुंझुनू या जयपुर रेफर करना पड़ता था, जिससे समय और धन दोनों की हानि होती थी। ट्रोमा सेंटर की स्थापना से सड़क दुर्घटनाओं और अन्य आपात स्थितियों में त्वरित उपचार संभव होगा। इसके अलावा राजकीय कन्या महाविद्यालय, बबाई में विज्ञान संकाय शुरू करने की घोषणा भी की गई है। इससे ग्रामीण क्षेत्र की बालिकाओं को विज्ञान विषय की पढ़ाई के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा और उच्च शिक्षा के अवसर स्थानीय स्तर पर ही मिल सकेंगे। वहीं, गोठड़ा शहरी जल योजना के पुनरुद्धार कार्य के लिए पांच करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया गया है। इस योजना से क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ होगी और लंबे समय से चली आ रही जल समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है। खेतड़ी विधायक धर्मपाल गुर्जर ने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि ये घोषणाएं क्षेत्र के समग्र विकास में मील का पत्थर साबित होंगी। ग्रामीणों व भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी विधायक के प्रयासों की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# दुनिया का सबसे पुराना और समृद्ध धर्म है सनातन धर्म : बागडे

निसं



**नोखा ( नवयत्न )।** राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने कहा कि सनातन धर्म, दुनिया का सबसे पुराना और समृद्ध धर्म है। इसे संरक्षित रखना और संवर्धित करना हम सभी का दायित्व है। राज्यपाल श्री बागडे शनिवार को नोखा के मूलवास-सीलवा के संत दुलाराम कुलरिया फलसा स्थित नरसी विला में आयोजित विराट हिंदू सभा को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि सनातन धर्म, हजारों वर्ष पुराना धर्म है। इस धर्म का पालन करना हम सभी का कर्त्तव्य है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म हमें जीव मात्र पर दया का भाव सिखाता है। हमारे साधु, संत और ऋषि-मुनि इस धर्म और संस्कृति से उपदेश देकर, इसे पल्लवित कर रहे हैं। जबकि दुनिया के कई धर्म और संस्कृतियां लगातार लुप्त हो रही हैं। राज्यपाल ने कहा कि हमारे सनातन धर्म को प्रभावित करने के हजारों वर्षों तक प्रयास हुए। अनेक विदेशी आक्रांताओं ने इस पर आक्रमण किए, लेकिन हमारा सनातन धर्म हर बार अधिक मजबूत हुआ। उन्होंने कहा कि आज से सदियों पूर्व हमारे देश में तक्षशिला और नालंदा जैसे विश्वविद्यालय थे। गांव-गांव में गुरुकुल थे, जो व्यक्ति निर्माण का काम करते थे।

उन्होंने कहा कि अंग्रेजों ने हमारी शिक्षा प्रणाली पर हमला किया। अंग्रेज मानते थे कि भारत को गुलाम बनाना है, तो इसकी शिक्षा पद्धति को ध्वस्त करना जरूरी है। राज्यपाल ने कहा कि दुर्भाग्य से आज हमए हमारे धर्म और संस्कृति से दूर होते जा रहे हैं। यह हमारे लिए नुकसानदायक है। संस्कृति के इस क्षरण को रोकना जरूरी है। उन्होंने कहा कि देश को अपना स्वर्णिम गौरव फिर से लौटाना है, तो इसमें सनातन धर्म की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होगी। कार्यक्रम में दीदी मां साध्वी ऋतंभरा, सीथल पीठाधीश्वर क्षमाराम महाराज, श्रीबालाजी धाम के बजरंग दास, हनुमानगढ़ी अयोध्या के राजू दास महाराज, कुशाल गिरि महाराज, प्रताप पुरी महाराज, सरजूदास महाराज, स्वामी विमर्शानंद, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र प्रचारक निंबाराम सहित संत समाज के प्रतिनिधि मौजूद रहे। इससे पहले नरसी कुलरिया ने स्वागत उद्बोधन दिया। कार्यक्रम में श्री विश्वकर्मा कौशल विकास बोर्ड के अध्यक्ष श्री रामगोपाल सुथार, भंवर कुलरिया, पूनम कुलरिया सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## मां भारती प्रतिरूप और धर्मध्वजा की स्थापना

राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने दीदी मां साध्वी ऋतंभरा के सान्निध्य में नरसी विला के मुख्य द्वार पर आयोजित कार्यक्रम में मां भारती प्रतिरूप और धर्म ध्वजा स्थापना का लोकार्पण किया। नरसी कुलरिया ने बताया कि इसकी स्थापना रामप्यारी देवी धर्मपत्नी गौसेवी संत श्री दुलाराम कुलरिया की प्रेरणा से की गई है। इस दौरान पुलिस महानिरीक्षक ओमप्रकाश, जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि, पुलिस अधीक्षक कावेंद्र सागर, भंवर कुलरिया, पूनम कुलरिया, जगदीश कुलरिया, जनक कुलरिया आदि मौजूद रहे।

# होली के पर्व को लेकर सीएलजी की बैठक आयोजित



निसं

**रींगस ( नवयत्न )।** रींगस पुलिस थाने में उपखण्ड अधिकारी बृजेश कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में सीएलजी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपखण्ड अधिकारी ने होली के पर्व को उमंग व भाईचारे के प्रेम से मनाने का आह्वान करते हुए कहा कि होली व धुलण्डी भाईचारे व प्रेम के त्योहार है। आपसी बेर व मनमुटाव को दूर करने का भी अवसर होली पर मिलता है। ऐसे में होली का पर्व प्रेम के रगों से सरोबार कर अन्य को भी भाईचारे से मनाने का आह्वान किया। बैठक में सदस्य अशोक कुमार डाकवाला ने कहा कि होली व धूलण्डी पर कुछ मनचले तेज रफ्तार से वाहन चलाते है तथा सड़कों पर शराब की बोत्तले फैंक जाते है। ऐसे में अतिरिक्त जाब्ता लगाकर कुछ स्थानो पर बैरिकेटिंग लगाई जाए। इस पर थाना प्रभारी सुरेश कुमार ने कहा कि होली व धूलण्डी पर मनचलों पर नकेल कसने के लिए अतिरिक्त जाब्ता लगाया जाएगा तथा सड़कों पर गश्त कर कुछ स्थानों पर बैरिकेट लगाए जायेंगे ताकि तेज गति से वाहन नहीं चले। थाना प्रभारी सुरेश कुमार देवन्दा ने कहा कि प्रेम व भाई चारे से शांति व रंगों का पर्व मनाये।

कोई भी कानून हाथ में ना ले अन्यथा पुलिस सख्त एक्शन लेगी। हुड़दंग, ज्यादती सभ्य समाज का हिस्सा नहीं है। ऐसे में कानून की पालना करते हुए प्रेम से पर्व मनायें। इस मौके पर आसूचना अधिकारी विजय कुमार मीणा, अशोक डाकवाला, संजय निठारवाल, अनिल बधाला, विजय निठारवाल,, पिन्टू हरितवाल, बाबू लाल स्वामी, आनन्द सिंह शेखावत, मुकेश मीणा सहित अनेक सीएलजी सदस्य मौजूद रहे।

# सुरक्षा की दृष्टि से रेलवे ने किये नवाचार : ज्योति कुमार शतिजा



निसं

**रींगस ( नवयत्न )।** लखदातार के वार्षिक मेले में रेलवे पुलिस ने इस बार अनेक नवाचारों को आजमाया। रेलवे के इन नवाचारों से इस बार बिना टिकिट यात्री ट्रेनों में नहीं चढ़ पाये। यही नहीं अत्यधिक भीड़ को भी रेलवे ने बहुत ही शानदार तरिके से नियंत्रित किया है।

रेल मण्डल सुरक्षा आयुक्त ज्योति कुमार शतिजा ने बताया कि रेल यात्री व श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए रेलवे ने अनेक नयाचार किये है। 4 सौ से अधिक आरपीएफ जीआरपी को तैनात किया गया। इसके अलावा संदिग्ध गतिविधियो की रोकथाम के लिए एआई जनरेट कैमरे लगाये गये ताक्ति भीड़ पर नियंत्रण कर भगदड़ जैसे किसी भी स्थिति को उत्पन्न नहीं होने दिया गया। ज्योति कुमार ने बताया कि रेलवे ने अनेक नवाचार करते हुए इस बार पहले यात्रियों को ट्रेन से उतरने दिया गया इसके बाद ही श्रद्धालुओं का ट्रेन में चढ़ने दिया गया। हालांकि इसमें समय लगता है लेकिन इसका भी प्रबन्ध किया गया। श्रद्धालुओं की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं हो इसके लिए वे सभी सम्भव कदम उठाये गये जिनकी श्रद्धालु भी अपेक्षा कर रहे थे। यात्रियों को ठहरने व प्लैटफार्म पर जाने की ऐसी व्यवस्था की गई कि कोई भी यात्री बिना टिकिट रींगस जंक्शन से ट्रेन में नहीं चढ़ पाया। शेल्टर होम् पाण्डाल में यात्रियों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया गया। यात्री बोर नहीं हो इसके लिए बाबा स्थान के लाईव दर्शन की सुविधा की गई। ट्रेनों में कोच बढ़ाये गये तथा अन्य मेला स्पेशल ट्रेन रेलवे ने चलाई इससे एक ही ट्रेन ने यात्री भार पर कन्ट्रोल हो पाया। इसके लिए रेलवे अधिकारियों व आरपीएफ अधिकारियों से चर्चा कर मथन के बाद सुरक्षा के प्रबन्ध किये गये। बैरिकेटिंग से यात्रियों को ही फायदा मिला धक्का मुक्की जैसी सम्भावनाओं को ही खत्म कर दिया गया।

# श्याम रंग में रंगा डूंडलोद, शोभायात्रा में उमड़े श्रद्धालु

निसं



**डूंडलोद ( नवयत्न )।** श्याम महोत्सव के तहत निकाली गई श्याम बाबा की भव्य शोभायात्रा ने पूरे डूंडलोद को श्रद्धा और उल्लास के श्याम रंग से सराबोर कर दिया। श्याम मंदिर से रवाना हुई शोभायात्रा का नेतृत्व बाबा के मुख्य निशान के साथ सुभाष चंद्र भूत ने किया। बड़ी संख्या में कलशधारी मातृशक्ति एवं निशानधारी श्रद्धालु पुरुष शोभायात्रा में शामिल हुए। शोभायात्रा में जनपद की विभिन्न सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्थाओं द्वारा जीवंत झांकियों का प्रदर्शन किया गया। चंग की थाप पर नृत्य करते कलाकार एवं नाचते ऊंट-घोड़े शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण थे। गांव के मुख्य मार्गों से होते हुए शोभायात्रा श्याम मंदिर परिसर पहुंची जहां विजेता झांकियों को मेला समिति की तरफ से नकद राशि एवं प्रतीक चिह्न देकर पुरस्कृत किया गया। जितेंद्र सिंह निर्माण, हेमंत शर्मा, अशोक शर्मा एवं महेश मार्शल वाले निर्णायक मंडल के आधार पर एसएन बीएड कॉलेज नवलगढ़, श्याम विद्या निकेतन डूंडलोद एवं डूमरा पब्लिक स्कूल की झांकियां क्रमशः पहले, दूसरे एवं तीसरे स्थान पर रही। पूर्व चिकित्सा मंत्री डॉ राजकुमार शर्मा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में मुकुंदगढ़ थाना अधिकारी ताराचंद यादव, डॉक्टर दयाशंकर जांगिड़,, कैलाश चोटिया, सुभाष कौशिक, डॉक्टर विजय यादव, मनोज सदाफल, बीरबल गोदारा, बहादुर सिंह शेखावत, ताराचंद डोटासरा एवं डॉक्टर अनिल शर्मा बतौर अतिथि मंचस्थ थे। श्याम मंदिर ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष सुरेश यादव ने अतिथियों का सुमनमाला पहनाकर स्वागत किया। डॉक्टर के डी यादव ने आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन मुकेश पारीक ने किया। शुक्रवार रात्रि में बाबा के दरबार में भजनों का शानदार कार्यक्रम पेश किया गया। शनिवार को भंडारे के साथ छप्पन भोग की झांकी सजाई गई जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। रविवार को गायत्री परिवार नवलगढ़ के सानिध्य में होने वाले एक सौ इक्यावन कुंडीय हवन के साथ श्याम महोत्सव संपन्न होगा।

# मोदी ने आर्टफिशियल इंटेलिजेंस ब्रांच में प्रथम स्थान प्राप्त किया

निसं



**मुकुन्दगढ़ ( नवयत्न )।** मुकुन्दगढ के कपड़ा व्यवसायी सुशील कुमार मोदी की सुपुत्री इंजीनियर ईशिता मोदी ने बीटेक के आर्टफिशियल इंटेलिजेंस ब्रांच में ऑल राजस्थान में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। ईशिता के पिता सुशील मोदी कपडा व्यवसायी है माता अलका मोदी गृहणी है। ईशिता ने आर्य इंजीनियरिंग कॉलेज जयपुर में आर्टफिशियल इंटेलिजेस में कडी मेहनत प्रथम स्थान पर रहकर कस्बें एवं परिवार का नाम रोशन किया है। ईशिता वर्तमान में मैसूर में एनफोशिश कंपनी में बतौर साईबर सक्योरिटी के पद पर कार्यरत है। ईशिता की छोटी बहन नव्यांशी सीए इंटर में अध्ययनरत है। सुरेन्द्र मोदी, संदीप मोदी, मुकेश मोदी, राकेश गुर्जर, संदीप बेरीवाला, पवन पचलंगिया, कपिल मुरारका, अशोक मोदी, दिनेश बेरीवाला सहित व्यापारीयों एवं परिवाजनों सहित रिश्तेदारों ने ईशिता को बधाई एवं भविष्य में उच्च पद पर आशीन होने की शुभकामनाएं दी।

# भगवान श्रीगणेश का किया अभिषेक



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** मंदिर श्री गोपाल कुंडवाला गणेश जी खंडेला रोड श्रीमाधोपुर मे शनि पुष्य नक्षत्र में श्री गणेश महाराज का पंचामृत, पंचगव्य, दूध एदही, शहत, घी, शर्करा, गंगाजल कई इत्रों आदि से अभिषेक कराया गया और सिंदूरी चोला चढ़कर नवीन पोशाक धारण कराई गई व मोदक का भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया गया। इसके साथ होली पर्व पर श्री गणेश जी महाराज का अबीर आदि से श्रृंगार किया जाएगा। इस अवसर पर माखनलाल शर्मा, विष्णु सैनी, नरेश पंजाबी, भूपेश जांगिड़, योगेश सैनी, मनीष पारीक, आदि अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

यह जानकारी महावीर ठठेरा मंत्री मंदिर श्री गोपाल जी कुंड वाला ट्रस्ट ठठेरा समाज श्रीमाधोपुर द्वारा दी गई।

# गुप्त वृन्दावन धाम में श्रीकृष्ण-बलराम खेलेंगे गौर पूर्णिमा पर फूलों की होली

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी जयपुर के गुप्त वृन्दावन धाम में 4 मार्च को होने वाले गौर पूर्णिमा के भव्य आयोजन की तैयारी पूरे चरम पर है। क्योंकि धाम में इस विशेष अवसर पर श्रीकृष्ण-बलराम भक्तों के साथ फूलों की होली खेलेंगे। भक्त भगवान् के साथ होली खेलने को लेकर बहुत ही उत्साहित हैं क्योंकि फूलों की होली के माध्यम से श्रीकृष्ण बलराम उन पर असीम कृपा और आशीर्वाद की बौछार करेंगे। गौर पूर्णिमा श्री चैतन्य महाप्रभु जो भगवान् कृष्ण के अवतार हैं के आविर्भाव दिवस के रूप में मनाया जाता है। उनकी कृपा से कोई भी व्यक्ति जीवन की सर्वोच्च सिद्धि प्राप्त कर सकता है। इस पावन पर गुप्त वृन्दावन में श्री श्री गौर निताई का पंचामृत, विभिन्न फलों के रस से एवं 108 कलशों के पवित्र जल के साथ महा अभिषेकम होगा। भगवान् को 56 भोग लगाया गयाद्य हरिनाम संकीर्तन से पूरा धाम गूंज उठेगा। दर्शन के लिए सुबह से ही लम्बी कतारें लग जाएंगी। गुप्त वृन्दावन धाम के अध्यक्ष अमितासना दास ने गौर पूर्णिमा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया की श्री चैतन्य महाप्रभु इस धरती पर अवतरित हुए ताकि वे प्रत्येक जीव को भगवान के पवित्र नाम का दान देकर मुक्ति प्रदान कर सकें। वह स्वयं भगवान श्रीकृष्ण हैं, वह कृष्ण के शुद्ध प्रेम के प्रतीक हैं।

# श्याम नवयुवक मंडल का चतुर्थ विशाल फाग महोत्सव आज

निसं



**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** श्री श्याम नवयुवक मंडल द्वारा आयोजित चतुर्थ विशाल फाग महोत्सव रविवार को सायं 6 बजे से प्रभु इच्छा तक मुख्य सड़क मार्ग, वार्ड नंबर 13, बावड़ी आश्रम के पीछे आयोजित होगा। कार्यक्रम संयोजक लक्की अग्रवाल ने बताया कि महोत्सव के अंतर्गत 56 भोग की भव्य झांकी, आलौकिक दरबार सज्जा एवं पावन अखंड ज्योत के दर्शन श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण रहेंगे। महोत्सव में जयपुर व दिल्ली के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा मनमोहक झांकियां प्रस्तुत की जाएंगी। साथ ही भजनों की मधुर प्रस्तुतियों एवं विशेष चंग धमाल होगा। भजन संध्या में जयपुर से निशा शर्मा, आशुतोष शर्मा एवं दीपिका द्वारा सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी, वहीं विराट ग्रुप दिल्ली व जयपुर के कलाकारों द्वारा आकर्षक झांकियां मंचित की जाएंगी। इस दौरान ताराचंद बिजारणियां बजरंग लाल शेखावत, अनिल मारवाल, विजय कसेरा, सरोज अग्रवाल, कंचन अग्रवाल, राजबाला मौजूद रहें।

# चादर महोत्सव का शुभारंभ करेंगे आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** जैसलमेर में 6 से 8 मार्च 2026 को तीन दिवसीय चादर महोत्सव और दादागुरु इकतीसा पाठ का आयोजन होने जा रहा है। इस महोत्सव स्थल पर तैयारियां जोरों से चल रही है। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत करेंगे। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण 7 मार्च को विश्वभर में एक साथ 1 करोड़ 8 लाख श्रद्धालुओं द्वारा सामूहिक दादागुरु इकतीसा पाठ का ऐतिहासिक महासंकल्प है। चादर महोत्सव समिति के चेयरमैन महाराष्ट्र सरकार के मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा पे बताया कि कार्यक्रम का आयोजन दादा गुरूदेव जिनदत्तसुरि चादर महोत्सव समिति के अंतर्गत हो रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद, हिन्दू आध्यात्मिक एवं सेवा संस्थान, विद्या भारती तथा अनेक सामाजिक-सांस्कृतिक संस्थाओं के प्रतिनिधि कार्यक्रम में सहभागी हैं। कार्यक्रम गच्छाधिपति आचार्य मणि प्रभ सूरी की पावन निश्रा में सम्पन्न होगा। इस विराट महोत्सव के प्रेरणास्त्रोत पूज्य आचार्य जिनमनोज्ञ सागर है। आयोजन में विभिन्न भारतीय परंपराओं के करीब 400 संतों की उपस्थिति होगी। करीब 20 हजार श्रद्धालुओं की तीन दिवसीय कार्यक्रम में मौजूदगी रहेगी। लोढ़ा के अनुसार यह अभियान निर्धारित समय पर देशदृविदेश के विभिन्न नगरों में श्रद्धालु अपने-अपने स्थानों से एक साथ दादागुरु इकतीसा पाठ करेंगे, जिससे विश्वभर में आध्यात्मिक चेतना की सामूहिक तरंग उत्पन्न होगी। इस विराट संकल्प के प्रेरणास्त्रोत पूज्य आचार्य जिन मनोज्ञ सागर हैं, जिनकी प्रेरणा से यह आयोजन वैश्विक आध्यात्मिक आंदोलन का रूप ले रहा है। 6 से 8 मार्च 2026 को गच्छाधिपति आचार्य जिनमणिप्रभ सूरी जी की पावन निश्रा में आयोजित होने जा रहे त्रिदिवसीय चादर महोत्सव का मुख्य आकर्षण 7 मार्च 2026 को विश्वभर में एक साथ 1 करोड़ 8 लाख श्रद्धालुओं द्वारा सामूहिक दादागुरु इकतीसा पाठ का ऐतिहासिक महासंकल्प रहेगा। संयोजक जीतो के पूर्व चेयरमैन तेजराज गोलेछा के अनुसार जैसलमेर में चादर महोत्सव के पहले दिन 6 मार्च को महोत्सव की शुरुआत गच्छाधिपति श्री, आचार्य, उपाध्याय सहित भगवंतों के मंगल प्रवेश से होगी। इसके बाद आयोजित धर्मसभा में आरएसएस सरसंघचालक मोहन राव भागवत मौजूद रहेंगे। इस अवसर पर चादर समारोह सिक्का और विशेष डाक टिकट का विमोचन होगा। शाम को पहली बार दादा गुरुदेव के जीवन पर आधारित जीवंत नाटिका का मंचन होगा। कार्यक्रम के दूसरे दिन 7 मार्च को जैसलमेर किले से चादर वरघोड़ा निकलेगा। जैसलमेर जैन ट्रस्ट के अध्यक्ष महेंद्र सिंह भंसाली ने बताया कि जैन समाज के जैसलमेर में आयोजित होने वाले ऐतिहासिक कार्यक्रम को लेकर डेडानसर मैदान में विशाल डोम टेंटर्स लगाने का काम एक महिने से शुरू है। इसके अलावा मैदान में एक संग्रहालय भी तैयार किया जा रहा है। देश-दुनिया से दादागुरु जिनदत्त सूरि के करीब 20 हजार भक्तजन इस मौके पर जैसलमेर आएंगे।

# फोटोग्राफर साथियों ने दिखाई एकजुटता, बागोरिया के परिवार को 61 हजार की सहायता

निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** कस्बे के दिवंगत फोटोग्राफर स्व. अशोक बागोरिया की स्मृति में स्थानीय फोटोग्राफर साथियों द्वारा मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए उनके परिवार को 61,000 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई।

यह सहयोग राशि सभी फोटोग्राफरों की सहमति से एकत्रित की गई और नगद रूप में उनके परिवार को सौंपी गई। यह राशि स्व. अशोक बागोरिया की माताजी, धर्मपत्नी, बच्चों एवं उनके भाई की उपस्थिति में प्रदान की गई। इस अवसर पर उपस्थित सदस्यों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए परिवार को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में राकेश कुमार, जितेश स्वामी, रितेश सैनी, मूलचंद बागोरिया, अशोक सैनी, शिवपाल रूंडला, कुंजबिहारी ठठेरा, शंकर शर्मा, गोरधन तंवर तथा संदीप सहित अनेक फोटोग्राफर उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर सहयोग राशि प्रदान की। इस आर्थिक सहयोग की पहल विनायक मिक्सिंग सेंटर, श्रीमाधोपुर के प्रोपराइटर राकेश कुमार वर्मा द्वारा समूह के माध्यम से की गई। इस संवेदनशील पहल की नगर में सराहना की जा रही है।

## सम्पादकीय

# आगे आए उद्योग जगत

## नवाचार के जरिये अपनी क्षमता प्रदर्शित करने की हुई बात



बजट के बाद 'विकसित भारत के लिए प्रौद्योगिकी, सुधार एवं वित्त' विषय एक वेबिनार को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने यह जो कहा कि भारतीय कंपनियों को नए निवेश एवं नवाचार के साथ आगे आना चाहिए, उस पर उन्हें सकारात्मकता के साथ अपनी सक्रियता का परिचय देना चाहिए। प्रधानमंत्री ने उद्योग जगत से बजट घोषणाओं का लाभ उठाने का आग्रह भी किया। कायदे से तो ऐसे किसी आग्रह की आवश्यकता ही नहीं पड़नी चाहिए।

उद्योग जगत को स्वत: सक्रिय हो जाना चाहिए। यह पहली बार नहीं, जब प्रधानमंत्री ने उद्योग जगत को नवाचार के जरिये अपनी क्षमता प्रदर्शित करने को कहा हो। वे इसके साथ ही यह भी कहते रहे हैं कि उद्योग जगत को वैश्विक प्रतिस्पर्धा का सामना करने में सक्षम बनना चाहिए और शोध एवं विकास में निवेश करना चाहिए। विडंबना यह है कि हमारे ऐसे बड़े कारोबारी भी यह काम नहीं कर रहे हैं, जिनके पास पूंजी की कोई कमी नहीं। वे नवाचार के नाम पर ऐसे नए काम अधिक हाथ में लेते हैं, जिनसे कम समय में आसानी से धन अर्जित किया जा सके। यही कारण है कि वे ऐसे कोई उत्पाद तैयार नहीं कर पा रहे हैं, जिनकी देश के साथ दुनिया में भी मांग हो। यह सामान्य बात नहीं कि चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाने के बाद भी चंद भारतीय उत्पाद ही ऐसे हैं, जिनकी विश्व में थोड़ी-बहुत पहचान और प्रतिष्ठा है। यह भी किसी से छिपा नहीं कि भारतीय उद्योग जगत शोध एवं विकास में पैसा खर्च न कर पाने के कारण न तो चीनी उत्पादों का मुकाबला कर पा रहे हैं और न ही अपने उत्पाद विश्व बाजार में आसानी से खपा पा रहे हैं। जहां चीन में उद्योग जगत आर्थिक विकास का नेतृत्व करते दिखता है, वहीं भारत में कारोबारी सरकार के प्रोत्साहन पर भी तत्परता नहीं दिखाते। एक-दो कारोबारी समूहों को छोड़ दिया जाए तो आम तौर पर हमारे कारोबारी वैश्विक स्तर की उत्पादकता हासिल करने के लिए सक्रिय नहीं। वे अपने उत्पादों की गुणवत्ता भी विश्वस्तरीय बनाने के लिए उत्साही नहीं हैं। एक ऐसे समय जब सरकार एक के बाद एक देशों से मुक्त व्यापार समझौते कर रही हैं और इसके चलते शीघ्र ही कई विकसित देशों के बाजार भी भारतीय उद्योग जगत की पहुंच में होंगे, तब तो उन्हें इन समझौतों का पूरा लाभ उठाने के लिए कमर कसनी ही चाहिए। इसलिए और भी, क्योंकि सरकार प्रक्रियाओं को सरल बनाने के साथ कारोबारी सुगमता बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयत्न कर रही है। उचित यह होगा कि प्रधानमंत्री ने सरकार, उद्योग जगत, वित्तीय संस्थानों और शिक्षाविदों के बीच सहयोग स्थापित करने वाले जिस 'रिफार्म पार्टनरशिप चार्टर' की बात की, उस पर गंभीरता से काम हो, ताकि वह विकसित भारत की मजबूत आधारशिला बन सके।

## ● विशेष आलेख

# प्रधानमंत्री मोदी की इजरायल यात्रा के कूटनीतिक निहितार्थ

**देखा जाए तो यह 2017 के बाद पीएम मोदी की दूसरी इजरायल यात्रा 2026 में हुई, जो द्विपक्षीय व्यापार को कई अरब डॉलर तक ले जाने में सहायक सिद्ध हुई। जहां तक इस यात्रा के रणनीतिक महत्व की बात है तो यह यात्रा बढ़ते ईरान-अमेरिका तनाव और अमेरिकी नौसेना की तैनाती के बीच हुई, जो इजरायल को मजबूती प्रदान करती है। वहीं नेतन्याहू का प्रस्तावित हेक्सागन गठबंधन (भारत, इजरायल, ग्रीस, साइप्रस आदि) चीन-पाकिस्तान-तुर्की धुरी के विरुद्ध एक रणनीतिक संतुलन भी बनाता है। यह वैश्विक कूटनीति में नहले पर दहले की तरह समझा जा रहा है। जिस तरह से भारत, इजरायल का सबसे बड़ा हथियार खरीदार बन चुका है, उससे दक्षिण एशिया और मध्य पूर्व की सुरक्षा का समीकरण प्रभावित होना स्वाभाविक है। इससे अमेरिका, चीन, रूस और यूरोपीय देशों को भी भारत की कूटनीतिक स्वायत्तता का एहसास हुआ है, जो भारत को एशिया की दूसरी और दुनिया की तीसरी-चौथी महत्वपूर्ण शक्ति बनाने की दिशा में सक्रिय है।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया इजरायल यात्रा भारत-इजरायल संबंधों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो वैश्विक भू-राजनीति में बदलते समीकरणों को दर्शाती है। यह यात्रा पश्चिम एशिया की अस्थिरता के बीच रणनीतिक साझेदारी को नई दिशा देती है। इस बार मोदी ने इजरायल संसद केनेसेट को संबोधित किया, जहां उन्होंने 7 अक्टूबर 2023 हमले के बाद भारत के इजरायल समर्थन की पुष्टि की और ईरान द्वारा शह प्राप्त हमास की मानवता द्रोही कार्रवाई की भर्त्सना की। इसके अलावा, नेतन्याहू के साथ द्विपक्षीय वार्ता में रक्षा, व्यापार और आतंकवाद विरोधी सहयोग पर जोर दिया।



जहां तक इस यात्रा के आर्थिक आयामों की बात है तो दोनों देशों के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (स्न्ञ्ज) पर सकारात्मक चर्चा हुई, जो दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं के लिए गेम-चेंजर साबित हो सकता है। खासकर आईएमईसी कॉरिडोर (भारत-मध्य पूर्व-यूरोप) पर,श्व के साथ त्रिपक्षीय सहयोग से वैश्विक व्यापार को एक नया आकार मिलने की संभावना है। वहीं कृषि, जल प्रबंधन और स्टार्टअप जैसे क्षेत्रों में इजरायली विशेषज्ञता भारत के विकास को काफी बढ़ावा देगी।

शायद यही वजह है कि अरब जगत में खलबली मची है और इस्लामिक कट्टरता को हवा देने वाले पश्चिमी और पूर्वी देशों में बेचैनी भी। इस प्रकार की वैश्विक प्रतिक्रियाएं भी सामने आ रही हैं। जहां मोदी की इजरायल यात्रा से इस्लामी देशों की मीडिया में खलबली मची, क्योंकि यह इस्लामी उग्रवाद विरोधी एक्सिस का संकेत माना गया। वहीं फिलिस्तीन समर्थन बनाए रखते हुए अमेरिका को सिग्नल देते हुए भारत ने ग्लोबल साउथ में संतुलित भूमिका निभाई,।

वहीं इस यात्रा ने इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की वैश्विक छवि को मजबूत किया, जो गाजा संकट के बीच चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। इस बात में कोई दो राय नहीं कि आए दिन बढ़ते वैश्विक इस्लामिक कट्टरता परस्त आतंकवाद, भीड़ हिंसा और लक्षित हमलों से भारत और इजरायल दोनों को खतरा है, इसलिए उनकी पारस्परिक और लाभप्रद एकजुटता भारत-इजरायल विरोधी देशों को चुभती रहती है।

चूंकि भारत और इजरायल के बीच पूर्ण राजनयिक संबंध 1992 में स्थापित हुए, जबकि भारत ने 1950 में ही इजरायल को मान्यता दी थी। खासकर मोदी सरकार के नेतृत्व में 2014 से द्विपक्षीय संबंध तेजी से मजबूत हुए, जिसमें उच्च स्तरीय यात्राएं और रक्षा-सहयोग प्रमुख रहे। इससे द्विपक्षीय लाभ में वर्ष दर वर्ष बढ़ोतरी दृष्टिगोचर हुई। रक्षा और सुरक्षा सहयोग के मद्देनजर इजरायल भारत का प्रमुख रक्षा आपूर्तिकर्ता है, जो ड्रोन, मिसाइल और खुफिया प्रणालियां प्रदान करता है।

दोनों देश आतंकवाद विरोधी प्रयासों में एकजुट हैं, जो सीमा-पार खतरों से निपटने में सहायक सिद्ध होता है। जहां तक आर्थिक और तकनीकी साझेदारी की बात है तो व्यापार में भारत इजरायल का एशिया में दूसरा सबसे बड़ा साझेदार है, जिसमें कृषि, जल प्रबंधन, एआई और क्वांटम कंप्यूटिंग शामिल हैं। ढ्ढ22 (भारत, इजरायल, यूएई, अमेरिका) और आईएमईसी जैसे मंच आर्थिक गलियारों को बढ़ावा देते हैं।

भारत-इजरायल की दोस्ती से भू-राजनीतिक प्रभाव भी बढ़ा है। यह दोस्ती जहां चीन की मध्य पूर्व और दक्षिण एशिया में बढ़ती प्रभाव को संतुलित करने में मदद करती है। वहीं ईरान-प्रभावित क्षेत्रों में वैकल्पिक ध्रुव बनाकर स्थिरता सुनिश्चित होती है, जबकि भारत फिलिस्तीन समर्थन बनाए रखता है। इससे वैश्विक मंचों पर भी सामंजस्य बढ़ा है। खासकर संयुक्त राष्ट्र जैसे मंचों पर दोनों आतंकवाद-विरोध और सुधारों पर सहमत हैं। 2026 में संयुक्त कार्ययोजना से कूटनीति, साइबर और संस्कृति में सहयोग बढ़ेगा। यह भारत की रणनीतिक स्वायत्तता को मजबूत करता है।

भारत-इजरायल संबंधों को आई 22 गठबंधन ने नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। यह समूह (भारत, इजरायल, यूएई, अमेरिका) दोनों देशों के बीच सहयोग को बहुपक्षीय रूप प्रदान करता है। ढ्ढ22 ने जल, ऊर्जा, परिवहन, अंतरिक्ष, स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा जैसे छह क्षेत्रों में निवेश को बढ़ावा दिया है। भारत और इजरायल के बीच तकनीकी साझेदारी, जैसे सौर ऊर्जा परियोजनाएं और खाद्य पार्क, इसी से मजबूत हुई।

जहां तक अब्राहम समझौते के लाभ की बात है तो अब्राहम समझौते के बाद यूएई-इजरायल संबंध सामान्य होने से भारत बिना फिलिस्तीन संबंधों को नुकसान पहुंचाए इजरायल से गहरा जुड़ाव बना पाया। इससे भारत की पश्चिम एशिया नीति में संतुलन आया। भू-राजनीतिक मजबूती मिली। यह गठबंधन चीन के मध्य पूर्व प्रभाव को काउंटर करता है, जबकि भारत-इजरायल रक्षा और साइबर सहयोग बढ़ा। आई 22 ने आईएमईसी जैसे कॉरिडोर को सपोर्ट किया, जो भारत की कनेक्टिविटी रणनीति को मजबूत करता है।

मोदी की 2017 इजरायल यात्रा से सम्बन्धों को मिली मजबूती

अतीत की बात करें तो मोदी की 2017 इजरायल यात्रा ने भारत-इजरायल संबंधों को ऐतिहासिक मोड़ दिया। यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा थी, जिसने द्विपक्षीय सहयोग को रणनीतिक साझेदारी का दर्जा प्रदान किया। इससे रक्षा सहयोग में उछाल आया। यात्रा के दौरान रक्षा समझौतों पर जोर दिया गया, जिसमें मिसाइल प्रणाली और ड्रोन तकनीक शामिल थी। नेतन्याहू के साथ मोदी की साझा सड़क यात्रा ने आतंकवाद-विरोधी एकजुटता को मजबूत किया।

वहीं कृषि और जल प्रौद्योगिकी क्षेत्र में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस परियोजनाओं का विस्तार हुआ, जो भारत के

## स्वास्थ्य समाचार

# महिलाओं को जरूर खाना चाहिए पालक इन स्वास्थ्य समस्याओं से रखता है दूर



महिलाओं को अपने स्वास्थ्य का अधिक ध्यान रखने की जरूरत होती है। ऐसा इसलिए क्योंकि पुरुषों की तुलना में महिलाओं की शारीरिक संरचना अलग होती है। उनके शरीर में हार्मोनल असंतुलन के कारण कई स्वास्थ्य समस्याएं पैदा हो जाती हैं। शारीरिक कमजोरी, हड्डियां कमजोर होना, पीसीओएस, थायराइड और मेनोपॉज आदि जैसी समस्याएं महिलाओं में काफी अधिक देखने को मिलती हैं। अच्छी बात यह है कि स्वस्थ जीवनशैली को फॉलो, डाइट में बदलाव और स्वस्थ कुछ स्वस्थ फूड्स का सेवन करके महिलाएं स्वस्थ रह सकती हैं। आपको जानकर हैरानी हो सकती है कि अगर महिलाएं सर्दियों में रोज पालक खाएं, तो इससे उन्हें स्वस्थ रहने और शारीरिक रूप से मजबूत बनने में बहुत मदद मिल सकती है। पालक पोषक तत्वों से भरपूर सब्जी है, इसमें आयरन, कैल्शियम, फोलेट के साथ ही कई अन्य विटामिन और मिरल्स भी मौजूद होते हैं, जो महिलाओं के लिए बहुत लाभकारी होते हैं।

### खून की कमी से बजाए

आयरन, फोलेट और विटामिन बी से भरपूर पालक खाने से शरीर में हीमोग्लोबिन बढ़ता है और शरीर में खून की कमी दूर होती है। शरीर में खून की कमी आजकल महिलाओं में काफी आम हो गई है।

### हड्डियां मजबूत होती हैं

बढ़ती उम्र के साथ महिलाओं की हड्डियां कमजोर होने लगती हैं। इसलिए उन्हें अपनी डाइट में कैल्शियम से भरपूर फूड्स अधिक खाने की सलाह दी जाती है। ऐसे में पालक उनके लिए एक अच्छा विकल्प साबित हो सकता है। इसे खाने से हड्डियां मजबूत होती हैं।

### हार्मोन्स रखे संतुलित

पालक खाने से शरीर में हार्मोन्स का संतुलन बना रहता है। यह अनियमित पीरियड्स, गंभीर ऐंठन और दर्द, ब्लड फ्लो को रेगुलेट करने और पीसीओएस आदि के लक्षणों को कम करने में मदद करता है।

### इम्यूनिटी मजबूत बनाता है

जो महिलाएं बहुत जल्दी-जल्दी बीमार पड़ जाती हैं, उनके लिए भी पालक बहुत लाभकारी साबित हो सकता है। इसका सेवन करने से शरीर की रोगों से लड़ने की क्षमता बेहतर बनती है।

### त्वचा और बालों को रखे स्वस्थ

पालक खाने से बाल मजबूत होते हैं। यह त्वचा से जुड़ी कई समस्याओं को दूर रखता है। यह एजिंग के लक्षणों को कम रने और लंबे समय तक आपको जवां रखने में मदद करता है।



# बेहद खतरनाक हो सकता है प्रेग्नेंसी में सोडा और कोल्ड ड्रिंक्स का सेवन



प्रेग्नेंसी एक ऐसी अवस्था है, जब महिला को अपना आवश्यकता से अधिक ध्यान रखना पड़ता है। ऐसा कहा जाता है कि गर्भावस्था में महिला को दो लोगों के लिए खाना चाहिए। हालांकि, इस दौरान तरह-तरह की फूड क्रेविंग्स होना स्वाभाविक है। प्रेग्नेंसी में अक्सर महिलाओं को कई अजीब तरह की क्रेविंग होती है। कुछ महिलाएं प्रेग्नेंसी में सोडा और कोल्ड ड्रिंक्स का सेवन करती हैं। लेकिन क्या आपको पता है कि प्रेग्नेंसी में सोडा और कोल्ड ड्रिंक्स का सेवन कई मायनों में हानिकारक हो सकता है।

**दिमागी विकास के लिए हानिकारक :** गर्भ में बच्चे का सिर्फ शारीरिक विकास ही नहीं होता है, बल्कि यह मस्तिष्क को भी नुकसान पहुंचा सकता है। अध्ययनों में यह बात सामने आई है कि प्रेग्नेंसी में सोडा का सेवन करने से बच्चे के मानसिक विकास पर असर हो सकता है। ऐसे बच्चों का सही तरह से मानसिक विकास नहीं हो पाता है।

**होता है कैफीन अधिक :** गर्भावस्था में कोल्ड ड्रिंक्स का सेवन मुख्य रूप से इसलिए नुकसानदायक माना गया है, क्योंकि इसमें कैफीन की काफी अधिक मात्रा होती है। कैफीन का अधिक सेवन कई मायनों में सेहत के लिए लाभदायक है। इतना ही नहीं, इससे महिलाओं को गर्भावस्था में अनिद्रा की समस्या भी पैदा कर सकता है।

**बढ़ जाता है शुगर काउंट :** कोल्ड ड्रिंक्स में चीनी की मात्रा बहुत अधिक होती है, जिसके कारण प्रेग्नेंसी में इसका सेवन करना बेहद खतरनाक हो सकता है। प्रेग्नेंसी में कोल्ड ड्रिंक्स का सेवन करने से महिला को शुगर की समस्या हो सकती है। इतना ही नहीं, इससे महिला को गर्भपात भी हो सकता है।

### हड्डियों को हो सकता है नुकसान

प्रेग्नेंसी में कोल्ड ड्रिंक्स का सेवन इसलिए भी हानिकारक माना जाता है, क्योंकि इससे महिला की हड्डियों को नुकसान हो सकता है। दरअसल, कोल्ड ड्रिंक्स में फास्फोरिक एसिड पाया जाता है जो हड्डियों के लिए हानिकारक हो सकता है। इससे जन्म लेने वाले बच्चे की हड्डियां भी कमजोर हो सकती हैं।

### नहीं होते पोषक तत्व

कोल्ड ड्रिंक्स में किसी भी तरह के पोषक तत्व नहीं होते हैं, इसलिए गर्भावस्था में इसके सेवन से आपको किसी तरह का लाभ नहीं होता है। बेहतर होगा कि आप प्रेग्नेंसी में कोल्ड ड्रिंक्स के स्थान पर नारियल पानी, फलों के रस व नींबू पानी आदि का सेवन करें।

## आज का राशिफल

### मेष

स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। चोट व दुर्घटना से हानि संभव है। कार्य करते समय लापरवाही न करें। बनते कामों में बाधा हो सकती है। विवाद से बचें। काम में मन नहीं लगेगा। किसी व्यक्ति के उकसाने में न आएं। विवेक का प्रयोग करें। आय बनी रहेगी। पारिवारिक सहयोग मिलेगा।

### वृष

लेन-देन में जल्दबाजी न करें। आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से क्रोध रहेगा। भूमि व भवन संबंधी बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल रहेगा। बड़ा काम करने का मन बनेगा। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। आय में वृद्धि होगी।

### मिथुन

सामाजिक कार्यों में मन लगेगा। दूसरों की सहायता कर पाएंगे। मान-सम्मान मिलेगा। रुके कार्यों में गति आएगी। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। व्यापार ठीक चलेगा। मनोरंजक यात्रा हो सकती है। मित्रों के साथ अच्छा समय व्यतीत होगा। घर-बाहर सुख-शांति रहेगी।

### कर्क

अनावश्यक जोखिम न लें। किसी भी व्यक्ति के उकसावे में न आएं। फालतू खर्च होगा। पुराना रोग उभर सकता है। सेहत को प्राथमिकता दें। लेन-देन में जल्दबाजी से हानि होगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। महत्वपूर्ण निर्णय लेने का समय नहीं है। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

### सिंह

यात्रा मनोरंजक रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है। किसी बड़ी समस्या का हल मिलेगा। व्यावसायिक साझेदार पूर्ण सहयोग करेंगे। कोई नया उपक्रम प्रारंभ करने का मन बनेगा। सेहत का ध्यान रखें। वरिष्ठजनों की सलाह काम आएगी। नए मित्र बनेंगे। आय बनी रहेगी। हर कार्य बेहतर होगा।

### कन्या

मनोरंजक यात्रा की योजना बनेगी। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। प्रसन्नता रहेगी। मित्रों के साथ अच्छा समय व्यतीत होगा। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य बिगड़ सकता है, ध्यान रखें। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। भाग्य का साथ मिलेगा। प्रमाद न करें।

### तुला

घर-परिवार के साथ आराम तथा मनोरंजन के साथ समय व्यतीत होगा। मान-सम्मान मिलेगा। व्यापार मनोनुकूल चलेगा। योजना फलीभूत होगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन संभव है। विरोध होगा। काम करते समय लापरवाही न करें। चोट लग सकती है। थकान तथा कमजोरी महसूस होगी।

### वृश्चिक

बुरी सूचना मिल सकती है। मेहनत अधिक होगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। आय में कमी रहेगी। नकारात्मकता बढ़ेगी। विवाद से क्लेश होगा। जल्दबाजी में कोई महत्वपूर्ण निर्णय न लें। अनावश्यक परेशानी खड़ी हो सकती है। दूसरों की बातों में न आएं। धैर्य रखें, समय सुधरेगा।

### धनु

उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। कोई नया बड़ा काम करने की योजना बनेगी। भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल चलेगा। भ्रम की स्थिति बन सकती है। बुद्धि का प्रयोग करें। लाभ में वृद्धि होगी।

### मकर

किसी प्रभावशाली व्यक्ति से सहयोग प्राप्त होगा। पूजा-पाठ में मन लगेगा। तीर्थदर्शन हो सकते हैं। विवेक का प्रयोग करें, लाभ होगा। मित्रों के साथ अच?छा समय बीतेगा। विरोध होगा। पारिवारिक सुख-शांति बनी रहेगी। चिंता तथा तनाव रहेंगे। झंझटों में न पड़ें। जल्दबाजी से हानि होगी।

### कुंभ

घर-परिवार की चिंता रहेगी। किसी वरिष्ठ व्यक्ति का मार्गदर्शन व सहयोग प्राप्त होगा। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। घर-परिवार में प्रसन्नता रहेगी। बाहर जाने का मन बनेगा। भाइयों से मतभेद दूर होंगे। व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें।

### मीन

किसी भी महत्वपूर्ण विषय पर आज निर्णय न लें। स्वास्थ्य के मामले में संभलकर रहें। दोपहर के बाद तन और मन की प्रसन्नता रहेगी। परिजनों के साथ आनंद-उल्लास में समय व्यतीत होगा। मित्रों, स्नेहीजनों से उपहार मिलने से मन खुश होगा।

# 1000 महिलाओं को मिला रोजगार : होलिका दहन के लिए गोबर की लकड़ी बना रही नई पहचान

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** अखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद द्वारा पिछले 10 वर्षों से हैनीमैन चैरिटेबल मिशन सोसाइटी के सहयोग से राजस्थान में महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से गाय के गोबर की लकड़ी पर्यावरण के अनुकूल गाय के गोबर के लट्ठे निर्माण की एक व्यापक पर्यावरणीय मुहिम संचालित की जा रही है। इस प्रयास के सकारात्मक परिणाम स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगे हैं। विशेषकर जयपुर शहर सहित प्रदेश के अनेक क्षेत्रों में गोबर की लकड़ी से पर्यावरण संरक्षण की दिशा में ठोस बदलाव देखने को मिल रहा है।

### महिला सशक्तिकरण और स्वरोजगार का सशक्त मॉडल

हैनीमैन चैरिटेबल मिशन सोसाइटी की सक्रिय कार्यकर्ता मोनिका गुप्ता के नेतृत्व में यह अभियान गंभीरता से संचालित किया जा रहा है। मोनिका गुप्ता ने बताया कि स्वयं सहायता समूह, गौशालाएं और गाय का गोबरकृइन तीनों को जोड़कर हम राज्य के विकास एवं स्वरोजगार सृजन की दिशा में एक अमूल्य कार्य कर रहे हैं।

वर्तमान में इस अभियान से लगभग 1000 महिलाओं को प्रत्यक्ष रोजगार प्राप्त हुआ है। यदि व्यापक स्तर पर मार्केटिंग एवं प्रचार.प्रसार को और गति दी जाए, तो भविष्य में 1 लाख से अधिक लोगों को रोजगार प्रदान करने की क्षमता यह मॉडल रखता है।

### राज्य से बाहर भी बढ़ी मांग 20 ट्रक लकड़ी का प्रेषण

इस वर्ष लगभग 20 ट्रक गोबर की लकड़ी गुजरात एवं तमिलनाडु राज्यों को भेजे गए हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि राजस्थान में निर्मित यह पर्यावरण हितैषी उत्पाद अब राष्ट्रीय स्तर पर भी स्वीकृति प्राप्त कर रहा है।

### सरकारी समर्थन और मान्यता

पिछले वर्षों में राज्य के मुख्यमंत्री, राज्यपाल एवं विभिन्न सरकारी संगठनों द्वारा भी इस पहल को अपनाया गया है। इस वर्ष गोपालन विभाग द्वारा भी गोबर की लकड़ी के प्रचार-प्रसार पर बल दिया गया है, जो इस अभियान की बढ़ती स्वीकार्यता का प्रमाण है। अखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद एवं हैनीमैन चैरिटेबल मिशन सोसाइटी का लक्ष्य है कि इस हरित मुहिम को राज्यव्यापी अभियान के रूप में और अधिक सशक्त किया जाए, ताकि-प्रत्येक जिले में उत्पादन इकाइयाँ स्थापित हों प्रत्येक होलिका दहन एवं धार्मिक आयोजन में गोबर की लकड़ी अनिवार्य रूप से उपयोग हो। पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन का स्वरूप मिले गाय के गोबर की लकड़ी केवल एक उत्पाद नहीं बल्कि पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भर राजस्थान की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है।



### 5000 पेड़ों को कटने से बचाने का संकल्प

अखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद के अंतरराष्ट्रीय संयोजक डॉ. अतुल गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष होलिका दहन के अवसर पर राजस्थान के लगभग 5000 स्थानों पर गोबर की लकड़ी का उपयोग किया जा रहा है।

वही इस पहल के माध्यम से इस वर्ष लगभग 5000 पेड़ों को कटने से बचाया गया है। बचाया जाएगा, जो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है।

## विज्ञान मेला आयोजित



संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** स्थानीय मोदी रोड स्थित राजस्थानी शिशु मन्दिर उच्च माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विज्ञान मेले का आयोजन किया गया। निदेशक विवेक शर्मा ने बताया कि विज्ञान मेले में बाल वैज्ञानिकों ने विज्ञान के विभिन्न नवाचारों पर आधारित मॉडल एवं प्रोजेक्ट बना कर प्रदर्शनी में भाग लिया। छात्र-छात्राओं द्वारा बनाए मॉडल देखकर मेले में आए लोग आश्चर्यचकित हो गए। मुख्य अतिथि संस्था अध्यक्ष डॉ उमेद सिंह शेखावत ने विज्ञान के विकास का मानव जीवन में महत्व बताते हुए विद्यार्थियों के नवाचारों की प्रशंसा की। इस अवसर पर विज्ञान एक वरदान या अभिशाप पर निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया जिसमें तानिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मॉडल प्रदर्शनी में झुंझुनू शहर में उर्जा की संभावित व्यवस्था पर आधारित मॉडल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अध्यापकों ने सीवी रमन के जीवन से छात्रों को परिचय करवाया। इसी मौके पर विद्यालय में होली मिलन समारोह भी आयोजित किया जिसमें बच्चों ने फुलों की होली खेली। इस अवसर पर संस्था सचिव सज्जन कुमार शर्मा, प्रधानाचार्य सुरेन्द्र कुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष जयप्रकाश शर्मा ने सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। समारोह में सीईओ प्रियंका शर्मा, श्रुति शर्मा, संगीता दड़िया, शालु सैनी, प्राची, कमलेश शर्मा, धनन्जय श्रीवास्तव, अशोक वर्मा, गोविन्द सोनी, जसवीर कुमार, विकास शर्मा, राहुल शर्मा, राजेश शर्मा, प्रदीप सैनी, अंजू सैनी, कविता प्रजापत, पंकज शर्मा व अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राजेश शर्मा एवं श्रुति शर्मा ने किया।

## फाल्गुनी भजनों से रिझाया रामदूत हनुमान को

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** दिल्ली रोड स्थित खोले के हनुमानजी मंदिर परिसर में शनिवार को फागोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें नृत्य गुरु डॉ राजेंद्र राव, डॉ कविता सक्सेना के सानिध्य में कलाकारों ने गायन और नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। फागोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ पूनम शर्मा और प्रीति मारवाल ने गणेश वंदना के साथ किया। डॉ राजेंद्र राव ने युगल नृत्य आओ जी म्हारे हावड़े का पावणा से फागुनी रंग बरसाया। अदिति राठी और स्नेहा गुप्ता ने सामूहिक नृत्य चिरमी, नाचे गोरी, या तो रंग उड़ाती आई, कालबेलिया नृत्य से मन मोह लिया। शेखावाटी की होली ने फागोत्सव को भक्ति के रंग में रंग दिया। फागोत्सव में मंदिर परिसर में सैकड़ों भक्तगण शामिल हुए।

### भक्तिभाव से मनाया गया फागोत्सव

नाहरी का नाका शास्त्री नगर स्थित श्री चमत्कारेश्वर वीर हनुमान मन्दिर प्रांगण में शनिवार को फागोत्सव का आयोजन किया गया। भगवान का पंचामृत से अभिषेक कर नवीन सिंदूरी चौला धारण कराया गया। धोती-कुर्ता स्वरुप विशेष पोशाक धारण कराई गई। दोपहर में भगवान को रंग महल में विराजमान किया गया। अबीर, गुलाल अर्पित कर भगवान से विश्व कल्याण की कामना की गई। होली खेल रहे हनुमत सरकार, रंग महल हनुमान गढ़ी अति सुन्दर, फागुन आयो रे जैसे गीतों से लोक कलाकारों ने भगवान को रिझाया। भक्तों ने पवनपुत्र के संग गुलाल होली भी खेली।

# सन्तोषी फाग दीवाना ग्रुप के चंग धमाल कार्यक्रम में रात भर नाचे रसिये

निसं



**नोखा ( नवयत्न )।** सन्तोषी फाग दीवाना ग्रुप की ओर से सन्तोषी चौक में आयोजित होली चंग धमाल कार्यक्रम लगातार अपने पूरे परवान पर नजर आ रहा है। ग्रुप के राजू राठी व रमेश बागड़ी ने बताया कि कार्यक्रम में निर्मलकुमार भूरा, हंसराज बिश्नोई, नारायण सिंह राजपुरोहित, पुरषोतम तापड़िया, डॉ श्याम बजाज, श्यामलाल जमादार पहुंचे जंहा सन्तोषी फाग दीवाना ग्रुप की तरफ से अपर्णा ओढ़ाकर सम्मान किया गया। ग्रुप के राधेश्याम राठी व रमेश बजाज ने बताया कि चंग धमाल कार्यक्रम में नोखा की स्थानीय कलाकर मोहित सोनी ने धौलागढ़ में राज तिहारो देवी घनश्याम बिश्नोई ने भरजोबन में नाव डूबेगी, पहना दे मनिहारा कमल राठी में थाने पूछा म्हारा नवल बन्ना सा, कठे सु मंगवायो सा जाली रो रुमाल साथ मे अंकित तोषनीवाल ने है रणचंडी तेरी रामकथा सरे आम सभा मे गाता हु हर्षित लाहोटी ने बाबा श्याम की धमाल व संजय लाहोटी ने चंग की थाप पर मधुरम्य धमाल की प्रस्तुतिया दी तो रसिये विजय मारू, निर्मल मोदी, सचिन सोनी, युवान तोषनीवाल, कुशाल चाण्डक, शुभम सोनी, देवांश राठी, शुभम सोनी, युवान चितलांगिया, पीयूष लाहोटी, हर्षित भट्टड़ थिरकते हुवे नजर आए। इस दौरान कार्यक्रम की शुरुवात श्याम बाबा की ग्यारस होने से धमाल के रूप में बाबा श्याम के दरबार मची रे होली, अब झोली भर लो भक्तों रंग और गुलाल से होली खेलेंगा आपा गिरधर गोपाल से जैसी धमाल पर भी सभी ने जमकर नृत्य किया। इस मौके पर मूलचन्द राठी, कमल राठी, मूलाराम उपाध्याय, शुशील चितलांगिया, रामकरण उपाध्याय, पार्षद जगदीश मांझू, पार्षद देवकिशन चाण्डक, कमल बागड़ी, कैलाश बजाज, राकेश सोनी, प्रयाग चाण्डक, महेश बजाज, प्रेम सोनी, राजू चाण्डक, सन्दीप मालू, कैलाश करवा, आलोक राठी, सुनील तापड़िया, रघुवीर बजाज, जगदीश सारस्वत, भेरूसिंह राजपुरोहित, विजयपाल, मोहम्मद सरीफगोपाल तोषनीवाल, नारायण तापड़िया, जेठू लाहोटी व मातृ शक्ति भी मौजूद रही।

### यह रहे व्यवस्थाओं में

राधेश्याम राठी, श्याम लोहिया, रघुवीर बजाज, निर्मल सोनी, सीताराम छिम्पा, राजू राठी, सुनील राठी, गणेश राठी ने व्यवस्थाओं में सहयोग किया।

## चार दिवसीय घूमर नृत्य प्रतियोगिता का शुभारम्भ



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** कस्बे के गढ़ चौक में भारतीय मानव विकास संस्थान तारानगर की ओर से शुक्रवार रात्रि को चार दिवसीय घूमर नृत्य (गिंदड़) प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। संस्थान अध्यक्ष देवकीनन्दन सैनी ने बताया कि व्यापार मंडल के महेन्द्र कुमार सरावगी ने नगाड़ा पर थाप लगा कर गींदड़ नृत्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर माणकचन्द कम्मा, ओम प्रकाश चौधरी, द्वारका प्रसाद शर्मा, देवकीनन्दन सैनी, वासुदेव शर्मा, सुरेंद्र कुमार नाई, आशीष कुमार सगतानी, संजय कुमार इंदोरिया, गजानंद जांगिड़, रामेश्वर लाल भामी, प्रमानंद शर्मा, अंजनी कुमार बजाज, दीनदयाल मरदा, श्रीभगवान स्वामी, राजकुमार डागा, कुरड़ामल डागा, मनोज सरावगी, सुनील कुमार भोजक, सरदारमल सोनी, गंगा राम चाचान, हरि गोस्वामी, राजेश जांगिड़, गुलाब सौंलकी सहित संस्थान के कार्यकर्ता मौजूद थे। सभी मेहमानों व नगाड़ा वादक कार्यकर्ताओं का साफा पहनाकर सम्मान किया गया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले कलाकारों का संस्थान की ओर से प्रशस्ति-पत्र व पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया जाएगा। इसी प्रकार होली के उपलक्ष में तारानगर कस्बे के गढ़ चौक में स्थित नगर सेठ लक्ष्मीनाथ मंदिर में फूलों की होली खेली गई। मंदिर के पुजारी रामलाल भोजक ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। देवमीनू आर्ट सिरसा के कलाकारों की ओर से फूलों की होली, नृत्य नाटिका एवं रासलीला आदि रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में लोगों ने फूलों की होली खेलकर व कलाकारों के साथ नाच-झूमकर खूब आनन्द लिया। कार्यक्रम में सुनील भोजक, चांद रतन सरावगी, ओम हलवाई, पवन जैन, शिवकुमार सरावगी, गजानन जांगिड़, वासुदेव शर्मा, संदीप चौहान, अक्षय हंसावत, देवकीनन्दन सैनी, हितेश मडदा, गौरव वर्मा, हरि गोस्वामी आदि अनेक लोग मौजूद रहे।

## विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

निसं



**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** कस्बे की महात्मा गांधी इंटरनेशनल सीबीएसई स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन हुआ जिसमें विद्यार्थियों ने विज्ञान एवं नवाचारों से संबंधित विभिन्न माडलों का निर्माण कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। को-ऑर्डिनेटर अक्षय सैनी बताया कि विद्यालय निदेशक मोहर सिंह खर्रा, विद्यालय प्राचार्य आंनद बबेरवाल ने माँ सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्वलित करते हुए विज्ञान प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। निदेशक ने बताया कि आज का युग विज्ञान का युग है। वैज्ञानिक सोच, अभिरुचि, जागरूकता एवं नवाचारों को विकसित करने में विज्ञान प्रदर्शनी का महत्वपूर्ण योगदान होता है। इससे छात्रों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना के साथ वैज्ञानिक दृष्टिकोण का भी विकास होता है। कार्यक्रम प्रभारी मोइन खान ने बताया की विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने स्वचालित प्रणालियो, जल संरक्षण, भूकंप एवर्षा जल संचयन, आधुनिक यातायात प्रणाली एसड़क सुरक्षा, आधुनिक सिचाई पद्धति, डीएनए आधारित एवं जीवन को सरल तथा सुगम बनाने में उपयोगी तकनीकों पर अनेक मॉडलों का निर्माण कर उनका प्रदर्शन किया । विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए विभिन्न आकर्षक एवं महत्वपूर्ण मॉडलों की प्रदर्शनी की। दो सौ से भी अधिक संख्या में विद्यार्थीयों ने इस प्रदर्शनी में प्रतिभाग लिया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफमौजूद रहा।

# आयुष औषधियों की सुरक्षा हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है : शर्मा

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** आयुष औषधियों की सुरक्षा, दुष्प्रभाव एडीआर की रिपोर्टिंग और भ्रामक विज्ञापनों की निगरानी जैसे अहम विषयों पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देशभर से 100 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यशाला का उद्देश्य आयुष फार्माकोविजिलेंस के प्रति जागरूकता बढ़ाना और रिपोर्टिंग सिस्टम को और अधिक प्रभावी बनाना रहा। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर में आयोजित इस राष्ट्रीय कार्यशाला में पांच तकनीकी सत्र हुए। इन सत्रों में विशेषज्ञों ने आयुष औषधियों की सुरक्षा, दुष्प्रभावों की पहचान और रिपोर्टिंग की प्रक्रिया, भ्रामक विज्ञापनों की शिकायत कैसे करें तथा आयुष सुरक्षा पोर्टल के उपयोग की विस्तृत जानकारी दी। कुलपति प्रोफेसर संबोधित करते हुए कहा कि आयुष मंत्रालय फार्माकोविजिलेंस को लेकर पूरी तरह सजग है और इस गंभीर विषय पर विशेष ध्यान दे रहा है। उन्होंने बताया कि मंत्रालय पिछले दस वर्षों से राष्ट्रीय फार्माकोविजिलेंस कार्यक्रम को मजबूत और व्यापक बनाने के लिए लगातार काम कर रहा है। कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा ने कहा कि आयुष औषधियों की सुरक्षा हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। यदि हम दुष्प्रभावों की सही समय पर रिपोर्टिंग करेंगे तो मरीजों की सुरक्षा और विश्वास दोनों मजबूत होंगे। सभी चिकित्सकों, शोधकर्ताओं और छात्रों को अपने.अपने क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। इंटरमीडियरी फार्माकोविजिलेंस सेंटर के समन्वयक प्रोफेसर सुदीप्त रथ और सह-समन्वयक डॉ. तरुण शर्मा ने बताया कि देशभर में करीब 100 परिधीय केंद्र आयुष फार्माकोविजिलेंस के तहत कार्य कर रहे हैं। ये केंद्र आयुष औषधियों से संबंधित दुष्प्रभावों और भ्रामक विज्ञापनों की रिपोर्ट एकत्र कर आगे कार्रवाई के लिए भेजते हैं। इन केंद्रों से 20 जूनियर रिसर्च फेलो ने कार्यशाला में भाग लिया और आयुष सुरक्षा पोर्टल के माध्यम से रिपोर्टिंग की प्रक्रिया का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

## होली पर गूंजेगा परंपरागत रांझा-हीर तमाशा

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** होली के पावन अवसर पर जयपुर की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर जयपुर तमाशा की पारंपरिक प्रस्तुति का आयोजन 2 मार्च को किया जाएगा। परंपरागत प्रदर्शन स्थल ब्रह्मपुरी स्थित छोटा अखाड़ा में दोपहर 1 बजे से प्रारंभ होने वाले इस विशेष तमाशा में रांझा-हीर के अमर प्रेमाख्यान का मंचन किया जाएगा। प्रस्तुति में रांझा और हीर की प्रेमगाथा को पारंपरिक गायन, संवाद शैली और लोक वाद्यों की संगत के साथ जीवंत किया जाएगा। तमाशा की विशेषता के अनुरूप प्रस्तुति में विभिन्न सामाजिक परिस्थितियों और समसामयिक विषयों जैसे पहलगाम हमला, ऑपरेशन सिंदूर, ट्रंप टैरिफ, बिना छपी किताब विवाद, एप्सटीन मुद्दा, एसआईआर विवाद के साथ स्थानीय मुद्दों पर तीखा व्यंग्य भी पिरोया जाएगा।

## गौड़ ब्राह्मण समाज युवक-युवती परिचय सम्मेलन 22 को



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** गौड़ ब्राह्मण महासभा राजस्थान के द्वारा 22 मार्च रविवार को परशुराम परिसर गौड़ ब्राह्मण भवन विधाधर नगर जयपुर में रखा है। यह जानकारी देते परिचय सम्मेलन के श्रीमाधोपुर संयोजक विनोद भारद्वाज ने बताया कि इस संबंध महासभा के युवा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष पंकज पचलंगिया के नेतृत्व जयपुर से आयें सुभाष कलावाटिया, राममोहन शर्मा, राजेन्द्र भातरा, रीगस ब्राह्मण समाज अध्यक्ष महेश बुटोलिया का स्थानीय श्री गौड़ विप्र परिषद समिति श्रीमाधोपुर के मंत्री डॉ. चंद्र प्रकाश व्यास के नेतृत्व में अभिनंदन किया गया। विप्र सेना के श्रीमाधोपुर अध्यक्ष मुकेश शर्मा ने प्रदेश अध्यक्ष पचलंगिया को स्मृति चिन्ह् भेंट किया। युवा प्रदेश अध्यक्ष पंकज पचलंगीया ने कहा कि गौड़ ब्राह्मण समाज के सभी बंधुओ को एकजुट होकर समाज की एकता समरसता व विकास के लिए प्रयास करना होगा उन्होंने युवाओं के लिए समाज के द्वारा करियर काउंसलिंग जैसी सुविधा शुरू करने पर बल दिया। श्री गौड़ विप्र परिषद समिति के मंत्री डा व्यास ने बताया कि परिचय सम्मेलन के लिए श्रीमाधोपुर आंचल से भी भारी संख्या में समाज बंधु भाग लेंगे। परिषद व समिति के मंत्री इस अवसर पर ओमप्रकाश पचौरी, सुनील शर्मा, सोनू गौठवाल, श्याम सुंदर दीक्षित, रवि भारद्वाज आदि उपस्थित रहें। अवसर पर पोस्टर का विमोचन भी किया गया।

## स्कूली बच्चों ने खेली पारम्परिक होली



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** बालभारती इंटरनल सी. सै. विद्यालय एवं ब्लूमिंग माइंडस सुजानगढ़ में होली का रंगोत्सव लुहारा गाड़ा, गींदड़ चौक में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं और एक दूसरे को रंग लगाकर होली मनाई। संस्था निदेशक नोपाराम मण्डा द्वारा विद्यार्थियों को होली की पारंपरिक कथाओं के माध्यम से सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दिनेश तंवर, ओम जांगिड़, कालू चंपावत, प्रकाश चायल, पांचीराम नाई, गजानंद जांगिड़, कन्हैयालाल ताखड़ ने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना कर पारितोषिक प्रदान किए। इस अवसर पर दोनों संस्थाओं के स्टाफसदस्य भी मौजूद रहे।

# पेंशनर समाज ने मनाया जन्मदिवस समारोह

निसं



**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में पेंशनर समाज उप शाखा ने फरवरी माह में जन्म दिवस वाले पेंशनर्स का सम्मान समारोह मनाया व कार्यकारिणी की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। अध्यक्ष सत्यनारायण सेवदा के साथ जगदेव शर्मा, ओम प्रकाश इंदौरिया, बजरंग लाल जांगिड़, रामचंद्र स्वामी आदि मंचासीन थे। वासुदेव शास्त्री के स्वस्ति वाचन से कार्यक्रम आरंभ हुआ। मोहम्मद अनवर कुरैशी ने दया कर दान भक्ति का प्रार्थना गीत प्रस्तुत किया। जगदेव कुमार शर्मा ने सभी को जन्मदिन की बधाई दी। रामदेव शर्मा ने होली के त्यौहार की अग्रिम शुभकामनाएं दी। ओम प्रकाश जांगिड़ ने राजकीय चिकित्सालय में उपचार हेतु आरजीएचएस के अंतर्गत आभा कार्ड के बारे में जानकारी दी। प्रभुदत्त माली ने जीवन उपयोगी सुविचार साझा किए। ओमप्रकाश इन्दौरिया ने जन्म दिवस मनाने के अवसर पर चिंतन करने और पूर्व में की गई भूलों के लिए ईश्वर से सच्चे मन से क्षमा याचना कर सत्कर्म करने पर बल दिया। बजरंग लाल जांगिड़ ने वातावरण को सरस बनाते हुए होली की धमाल प्रस्तुत की । ऐडवोकेट रामावतार ठठेरा ने नये सदस्य विष्णुकुमार का परिचय दिया। अध्यक्ष सत्यनारायण सेवदा ने सभी का आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम में रामकुमार शर्मा, गोविंद प्रसाद शर्मा, जेठाराम ढाका, इंदर सिंह राठौड़, बजरंग लाल जांगिड़, वासुदेव शास्त्री, फकीरचंद दानोदिया, जितेन बबेरवाल, महेश चंद्र शर्मा, रामचंद्र स्वामी का फरवरी माह में जन्मदिन होने के उपलक्ष में तिलक लगाकर, माला पहनाकर और मिष्ठान खिलाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में बद्री प्रसाद शर्मा, महेंद्र कुमार शर्मा, पीरुमल भोभरिया, ओमप्रकाश जांगिड़, लिछमन राम टांडी, सांवरमल दर्जी, महावीर प्रसाद सेवदा आदि पेंशनर समाज के सदस्य उपस्थित थे।

## फागोत्सव आज

निसं

**बुगाला ( नवयत्न )।** बावलिया बाबा मंदिर में रविवार सुबह 11 बजे से फागोत्सव मनाया जाएगा जिसमें फूलों की होली खेली जाएगी। कपिल कुमावत ने बताया कि इस मौके पर पंस सदस्य ओमप्रकाश बुगालिया के आतिथेय में गुढ़ागौड़जी के कलाकार दिलीप गुर्जर, गायक रघुवीर पेंटर, ढोलक वादक मनीराम स्वामी, डफ पर सुरेंद्र गुर्जर, मंजीरा वादक नवीन शर्मा व अशोक कुमार के धमाल पेश करेंगे।

इनके द्वारा बनाया गया एक धमाल झुंझुनू की सैर करादे रसिया व तहसील नवलगढ़ गांव बुगाला, जन्म लियो बाबा हांडी वाला इन दिनों काफी सुर्खियों में है।



# गर्मियों में उठाना चाहते हैं कैम्पिंग का मजा, तो यह टूरिस्ट प्लेसेस होंगी परफेक्ट

गर्मियों का मौसम आते ही लोग छुट्टियों पर जाने का विचार बनाने लगते हैं। खासतौर पर बच्चों के लिए यह सीजन काफी खास होता है। इस मौसम में हर कोई अपनी बिजी लाइफ से दूर सुकून के पल बिताना चाहता है। ऐसे में अक्सर लोग घूमने के लिए ऐसी जगहों का चुनाव करते हैं, जो उन्हें गर्मी और भीड़भाड़ से दूर शांति का अहसास कराए। वहीं, कई लोग ऐसे भी होते हैं, जिन्हें कैम्पिंग करने का काफी शौक होता है। खासतौर पर बच्चों के लिए यह बेहद रोमांचक अनुभव होता है।

## सोनमर्ग

धरती का स्वर्ग कहे जाने वाले कश्मीर में हर साल भारी संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं। यहां की खूबसूरती को निहारने के लिए देश ही नहीं, बल्कि विदेश से भी लोग यहां आते हैं। लेकिन अगर आप कश्मीर में कैम्पिंग के लिए कोई परफेक्ट जगह ढूंढ रहे हैं, तो सोनमर्ग आपके लिए एक बढ़िया विकल्प साबित होगा। गर्मी में यहां का मौसम काफी अच्छा होता है। ऐसे में आप यहां कैम्पिंग भरपूर मजा उठा सकेंगे।

## सोलंग वैली

हिमाचल प्रदेश हमेशा से ही घूमने के लिए लोगों की पहली पसंद रहा है। यह राज्य अपनी प्राकृतिक खूबसूरती के लिए



दुनियाभर में काफी मशहूर है। ऐसे में अगर आप गर्मी में कैम्पिंग के लिए हिमाचल में कोई विकल्प खोज रहे हैं, तो यहां मौजूद सोलंग वैली का चुनाव कर सकते हैं। यहां 12 महीने टूरिस्ट सीजन रहता है। तो अगर आप गर्मियों में हिमाचल या मनाली जा रहे हैं, तो सोलंग वैली में कैम्पिंग का मजा जरूर लें।

## चंद्रताल झील

गर्मियों में कैम्पिंग के लिए हिमाचल प्रदेश स्थित चंद्रताल झील भी जा सकते हैं। गर्मियों में छुट्टियां बिताने के लिए एक परफेक्ट जगह है। यहां की खूबसूरती और शानदार मौसम की वजह से हर साल भारी संख्या में लोग यहां कैम्पिंग के लिए आते हैं।

## मसूरी

अगर आप दिल्ली में रहते हैं और आपके पास ज्यादा दूर जाने का समय नहीं हैं, तो आप मसूरी जा सकते हैं। दिल्ली से करीब होने की वजह से यहां पहुंचना काफी आसान है। आप यहां कम समय में ही आसानी से पहुंच सकते हैं और गर्मियों में शानदार कैम्पिंग का मजा उठा सकते हैं।



## स्पीति घाटी

हिमाचल प्रदेश की स्पीति घाटी एक ठंडा रेगिस्तान है, जहां भीषण गर्मी में भी ठंड का अहसास होता है। 12500 फीट की ऊंचाई पर स्थित यह घाटी चारों तरफ से हिमालय से घिरी हुई है। यहां के खूबसूरत नजारों और प्राकृतिक सुंदरता के कारण अब काफी पर्यटक यहां पहुंचने लगे हैं। ऐसे में अब यहां कई कंपनियां कैम्पिंग करवाती रहती हैं।

# बैंगलुरु के पास बसा यह हिल स्टेशन है एक दिन की मौज-मस्ती के लिए एकदम परफेक्ट जगह



बेलूर से 37 किमी की दूरी पर और हसन से 44 किमी की दूरी पर स्थित सकलेशपुर एक खूबसूरत और शांत हिल स्टेशन है। अगर आप बैंगलुरु रहते हैं और वीकेंड में किसी ऐसी जगह जाना चाहते हैं जहां एंजॉयमेंट के साथ रिलैक्स भी कर सके, तो ऐसे में सकलेशपुर एक अच्छा ऑप्शन साबित हो सकता है। यह जगह कॉफी, इलायची, काली मिर्च और अरेका बागानों से ढकी हुई ऊंची हरी पहाड़ियों से घिरा हुआ है। इस हिल स्टेशन की सुंदरता को 'गरीब आदमी की ऊटी' के नाम से भी जाना जाता है। यह सुंदर पहाड़ी स्टेशन अपने आकर्षक पहाड़ों, सुंदरता और सुखद मौसम के लिए भी बहुत लोकप्रिय है।

## मंजराबाद किला

मंजराबाद किला कर्नाटक के हसन जिले में स्थित एक पुराना किला है। यह कर्नाटक के ऐतिहासिक किलों में से एक है और सकलेशपुर में घूमने वाली अच्छी जगहों में शामिल है। 3240 फीट की ऊंचाई पर स्थित, मंजराबाद किला 1792 में मैसूर के तत्कालीन शासक टिपू सुल्तान द्वारा निर्मित एक स्टार शेप का किला है। जो पहाड़ी पर स्थित है। मौसम साफ होने पर इस किले से अरब सागर भी देखा जा सकता है।

## सकलेश्वर स्वामी मंदिर

सकलेशपुर स्वामी मंदिर कर्नाटक के हसन जिले के स्थित एक हिंदू मंदिर है। यह कर्नाटक के सबसे पुराने मंदिरों में से एक है। हेमावती नदी के तट पर स्थित, सकलेश्वर मंदिर भगवान शिव को समर्पित है। यह एक सुंदर मंदिर है जो होसाला वास्तुकला की उत्कृष्ट शिल्प कला का नायाब नमूना है।

## मगजाहल्ली वॉटरफॉल

सकलेशपुर से 21 किमी की दूरी पर, मगजाहल्ली फॉल्स कर्नाटक के हसन जिले के मगजाहल्ली गांव में स्थित एक खूबसूरत वॉटरफॉल है। जहां आकर आप क्वॉलिटी टाइम स्पेंड कर सकते हैं खूबसूरत नजारों के बीच। इसे हनबल फॉल्स और अबबी गुंडी फॉल्स के नाम से भी जाना जाता है। यह यहां का एक लोकप्रिय पिकनिक प्लेस भी है।

## बिस्ले घाट

सकलेशपुर से 55 किमी दूर, बिस्ले घाट कर्नाटक के पॉप्युलर ट्रैवल डेस्टिनेशंस में से एक है। बिस्ले पश्चिमी घाटों का हिस्सा है और हसन जिले और दक्षिणी कन्नड़ जिले में स्थित है। बिस्ले व्यूपॉइंट, बिस्ले गांव से लगभग 5 किमी दूर, कुमा परवाथा, पुष्पगिरी और दोड्डाबेटा समेत तीन पर्वत श्रृंखलाओं के मनमोहक दृश्य दिखाई देते हैं।

## सकलेशपुर कैसे पहुंचे

- सक्लेशपुर पहुंचने की पहुंचने का निकटतम हवाई अड्डा मैंगलोर है, जहां से इस जगह की दूरी 162 किमी है। चेन्नई, बैंगलोर, नई दिल्ली, कोच्चि, त्रिवेंद्रम, पांडिचेरी, गोवा, कोलकाता जैसी जगहों से यहां तक आसानी से पहुंचा जा सकता है।
- अगर आप ट्रेन से यहां आने की सोच रहे हैं, तो बैंगलोर, मैंगलोर, कन्नूर और कासारगोड से सक्लेशपुर के लिए ट्रेनें अवेलेबल हैं।
- अगर बस से यात्रा की सोच रहे हैं, तो बैंगलोर, चिकमंगलूर, हसन, मैसूर, शिमोगा, मंगलौर और करवार से सक्लेशपुर तक के लिए बसें आसानी से मिल जाएंगी।

# भुवनेश्वर में हैं ये सबसे फेमस मंदिर, दर्शन के लिए हर दिन पहुंचते हैं हजारों लोग

ओडिशा के भुवनेश्वर को मंदिरों का शहर कहा जाता है। यहां न केवल देश से बल्कि दुनिया भर से बहुत सारे पर्यटकों को आकर्षित करता है। शहर में और उसके आसपास कई पुराने मंदिर हैं, जो बेहद प्राचीन हैं जहां दूर-दूर से लोग दर्शन के लिए आते हैं।

## लिंगराज मंदिर

लिंगराज मंदिर शहर का सबसे बड़ा और पुराना मंदिर है। ये मंदिर भगवान शिव को समर्पित है, जिसे राजा जाजति केशरी ने बनवाया था। मंदिर को चार भाग में बांटा गया है, गर्भ गृह, यज्ञ शाला, भोग मंडप और नाट्यशाला। केवल मीनार ही नहीं, बल्कि भोग मंडप की दीवारों में भी मूर्तियां हैं।

## राजरानी मंदिर

लिंगराज मंदिर के समान राजरानी मंदिर 11वीं शताब्दी की कलिंग वास्तुकला पर बना है। यहां की मूर्तियां भगवान शिव और देवी पार्वती के विवाह को दर्शाती हैं। इस मंदिर का एक और महत्व यह है कि इसका निर्माण उसी समय किया गया था जब पुरी में जगन्नाथ मंदिर था।

## परशुरामेश्वर मंदिर

परशुरामेश्वर मंदिर 7वीं और 8वीं शताब्दी के बीच शैलोद्भव काल में बनाया गया है। इस मंदिर का रखरखाव और प्रशासन भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा किया जाता है।

## राम मंदिर

राम मंदिर भगवान राम, उनकी पत्नी, देवी सीता और उनके भाई भगवान लक्ष्मण को समर्पित है।



गेरुए रंग से रंगे मंदिर को देखने के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं। रामनवमी, शिवरात्रि, जन्माष्टमी और दशहरा जैसे शुभ अवसरों के दौरान यहां का माहौल देखने लायक होता है। इसे भुवनेश्वर में सबसे फेमस मंदिरों में से एक माना जाता है।

## ब्रह्मा मंदिर

ये मंदिर भगवान ब्रह्मा की ऐतिहासिक यात्रा का प्रतीक है। मंदिर में भगवान ब्रह्मा के शाश्वत ब्लैक क्लोराइट अवतार हैं, जो इस ऐतिहासिक मंदिर का सबसे अच्छा आकर्षण है। शाम के समय इस मंदिर में जाएं, क्योंकि इस दौरान यहां पंडित भगवान ब्रह्मा की पूरी महिमा के साथ पूजा करते हैं।

## परशुरामेश्वर मंदिर

यह भुवनेश्वर के सबसे प्राचीन मंदिरों में से एक है, जिसका निर्माण 7वीं शताब्दी की शुरुआत में हुआ था। भगवान शिव को समर्पित, यह मंदिर अविश्वसनीय सार का दावा करता है।

## मुक्तेश्वर मंदिर

मुक्तेश्वर मंदिर भुवनेश्वर में स्थित दसवीं शताब्दी में बनाया गया था। मंदिर के शीर्ष पर मौजूद देवताओं की मूर्तियां भी बौद्ध प्रभाव की याद दिलाती हैं। इस मंदिर की प्रमुख विशेषता तोरण या मेहराब है जिसे विस्तृत रूप से महिलाओं के गहनें और अन्य जटिल डिजाइनों से सजाया गया है।

# गर्मियों में बना रहे हैं वेकेशन का प्लान तो भूलकर भी न करें इन जगहों का चुनाव

गर्मियों का मौसम आते ही लोगों में मन में छुट्टियों का ख्याल आने लगता है। इस मौसम में ज्यादातर लोग वेकेशन की प्लानिंग करने लगते हैं। समर वेकेशन को एंजॉय करने के लिए लोग अलग-अलग जगहों का चुनाव करते हैं, लेकिन कई बार गलत स्पॉट चुनने की वजह से आपकी ट्रिप बर्बाद भी हो सकती है। ऐसे में यह बेहद जरूरी है कि आपको यह पता हो कि इस मौसम में कौन सी जगह जाना आपके लिए सही है और कौन सी नहीं।



## जैसलमेर

राजस्थान हमेशा से ही वेकेशन के लिए लोगों की पहली पसंद रहा है। यहां घूमने के लिए कई सारी जगह मौजूद हैं, लेकिन जैसलमेर इन सभी जगहों में सबसे ऊपर है। इसकी खूबसूरती की वजह से यहां हर साल भारी संख्या में लोग आते हैं। हालांकि, गर्मी में मौसम में यहां जाना आपको भारी पड़ सकता है। इस मौसम में यहां भीषण गर्मी पड़ती है, जो आपके पूरे वेकेशन को खराब कर सकती है।

## आगरा

ताजमहल के लिए दुनियाभर में मशहूर शहर आगरा कई लोगों की पसंदीदा जगह है। यहां मौजूद ऐतिहासिक इमारतों को देखने के लिए हर साल देश-विदेश से सैनानी यहां पहुंचते हैं, लेकिन अगर आप गर्मी में यहां जाने का सोच रहे हैं, तो ऐसा बिल्कुल भी न करें। गर्मी के मौसम में यह ट्रिप पर जाना आपको महंगा पड़ सकता है, क्योंकि चिलचिलाती धूप आपका हाल बेहाल कर देगी।

## गोवा

गोवा एक ऐसा टूरिस्ट डेस्टिनेशन है, जहां एक बार हर किसी की जाने की इच्छा होती है। समुद्र तटों के शौकीन लोगों के लिए यह एक परफेक्ट वेकेशन स्पॉट है। लेकिन अगर आप गर्मी में यहां जाने का प्लान बना रहे हैं, तो इसे तुरंत ही कैंसिल कर दें। दरअसल, गर्मी के मौसम में गोवा के बीचों पर मौजूद उमस आपके पूरे ट्रिप का मजा किरकिरा कर देगी।

## मथुरा और वृंदावन

भगवान श्रीकृष्ण के भक्तों के लिए मथुरा और वृंदावन फेवरेट ट्रैवल डेस्टिनेशन है। यहां हर साल लाखों की संख्या में लोग राधा-कृष्ण के दर्शन करने के लिए पहुंचते हैं। लेकिन गर्मियों में मौसम में अगर आप यहां जाने का प्लान बना रहे हैं, तो एक बार फिर से सोच लें। यहां भीषण गर्मी की वजह से आपकी हालत खराब हो सकती है।

# इन देशों में कार-बाइक की जगह नावों में घूमते हैं लोग, पानी पर बसे हैं यह शहर

हनीमून पर जाना हो, या हॉलिडे मनाना हो, हर कोई चाहता है कि उनकी डेस्टिनेशन सुंदर और अनोखी होनी चाहिए। अगर आप भी किसी ऐसी जगह की तलाश में हैं, तो दुनिया भर में कई खूबसूरत शहर और कस्बे मौजूग हैं। इन जगहों पर एक-जगह से दूसरी जगह पर जाने के लिए नाव करनी पड़ती है। इन जगहों पर आपको सड़क नहीं मिलेगी। अगर आप भी इन जगहों पर जाते हैं तो वहां पर आप नाव के जरिए इधर-उधर जा सकते हैं।

**सुझाऊ :** सुझाऊ चीन का एक गांव है। इस गांव का अपना इतिहास रहा है। बता दें कि यहां के लोगों को नाव से चलना काफी पसंद है। इसलिए आपको यहां पर पेड़ों के आसपास नहरों में ढेरों चलती हुई नाव देखने को मिलेंगी।



**एनेसी :** फ्रांस का एनेसी पानी पर बसा हुआ है। आपको यहां पर कुछ ही मीटर पर कई ब्रिज देखने को मिलेंगे। यहां पर नहर के किनारे काफी संख्या में रेस्तरां बने हैं। इन रेस्तरां में आप सुबह की चुस्कियां लेने के लिए पहुंच सकते हैं। बता दें कि यह जगह लार्ड एनेसी के नाम बनी हुई है।

**वेनिस :** वेनिस शहर की गिनती इटली के सबसे खूबसूरत शहरों में आता है। यह पूरा शहर पानी में बसा हुआ है। इस शहर को छोटे-छोटे आइसलैंड के साथ मिलकर बनाया है। अगर आप भी इटली घूमने जाएं तो एक बार गंडोला राइड का लुत्फ जरूर लें। यहां पर आपको एक भी सड़क नहीं दिखेगी।

**गेनवी :** अफ्रीका का छोटा गांव गेनवी अपनी खूबसूरती के लिए जाना जाता है। गेनवी की आजादी करीब 20 हजार के आसपास है। यह गांव नोकुई झील के बीच पर बसा है। यहां पर लोग नाव पर बैठकर बिजनेस करते हैं।

**स्टॉकहोम :** स्वीडन की राजधानी स्कॉटहोम भी एक खूबसूरत शहर है। यह 14 आइसलैंड पर बना है। बता दें कि स्कॉटलैंड में 50 से ज्यादा ब्रिज मौजूद हैं। झील के किनारे बना यह शहर अपनी नीली इमारतों के लिए भी जाना जाता है।

# घुमक्कड़ों के लिए ये हिल स्टेशन हैं बेस्ट, वीकेंड पर करें घूमने का प्लान

गर्मी के मौसम में घूमने फिरने के लिए लोग ठंडी जगहों पर जाना पसंद करते हैं। बात करें घुमक्कड़ों की तो वह हर वीकेंड पर घूमने की प्लानिंग कर ही लेते हैं। तेज चिलचिलाती गर्मी में अगर आप कहीं घूमने जाना चाहते हैं तो दिल्ली के पास कुछ अनदेखे हिल स्टेशन को एक्सप्लोर कर सकते हैं। वीकेंड ट्रिप दो दिन का ही होता है, ऐसे में खर्चा कम ही होगा।



**तोश, हिमाचल प्रदेश :** हिमाचल में बसा यह छोटा सा गांव ट्रेकर्स को सुंदर और शांत नजारों को एंजॉय करने का मौका देता है। ये कसोल से मात्र 20 मिनट की ड्राइव पर है। वीकेंड पर दिल्ली से जा रहे लोगों के लिए ये जगह बेहतरीन है।

**अल्मोड़ा, उत्तराखंड :** अल्मोड़ा का बड़ा हिल स्टेशन है जो एक पूर्व-ब्रिटिश विरासत और शांत वाइब का दावा करता है। यह जगह अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, अद्वितीय हस्तशिल्प, शानदार खाने और वाइल्ड लाइफ के लिए फेमस है।

**रानीखेत, उत्तराखंड :** दिल्ली के पास स्थित ये एक हिल स्टेशन है, जिसे अंग्रेजों द्वारा प्राचीन मंदिरों, हिमालय की पहाड़ियों और जंगलों के आसपास विकसित किया गया था। रानीखेत से हिमालय का खूबसूरत नजारा देखने को मिलता है।

**चंबा, हिमाचल प्रदेश :** ये जगह प्राचीन मंदिरों, गुफाओं और इमारतों के लिए जानी जाती है। ये जगह अपने खूबसूरत नजारों के लिए फेमस है। ट्रैकिंग के साथ ही आप यहां पर कैंपिंग का मजा भी ले सकते हैं। अप्रैल और मई में कई लोग यहां पहुंचते हैं।

**बिनसर, उत्तराखंड :** ओक, देवदार के पेड़ों से हरे-भरे जंगलों के बीच स्थित ये एक छोटा सा शहर है। बिनसर में हरी घास के मैदान, मंदिर और वाइल्ड लाइफ देखने लायक है।

## मारपीट मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** श्याम नगर थाना पुलिस ने न्यू सांगानेर रोड पर हुई मारपीट की घटना में शामिल गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान टिकेन्द्रसिंह 29 के रूप में हुई है। जबकि मामले के कथित मास्टरमाइंड चन्द्रशेखर उर्फ चंदू देशवाल 25 और कन्हैया उर्फ कान्हा ठाकुर 26 उर्फ कान्हा सिंह जादौन फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है। पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि 19 फरवरी को पीड़ित अरुण शर्मा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के अनुसार 20 फरवरी की रात करीब 12:50 बजे वह अपने दोस्तों के साथ एक पारिवारिक कार्यक्रम में जा रहे थे। न्यू सांगानेर रोड पर शराब की दुकान के पास वाहन रोकने के दौरान एक काली स्कॉर्पियो से उतरे 5-6 युवकों ने लाठी-सरियों से हमला कर दिया। हमले में भवानी शंकर गुजराती के सिर में गंभीर चोट आई, जिनका अस्पताल में उपचार जारी है। इस संबंध में श्याम नगर थाना में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर साक्ष्य जुटाए। इसके बाद टिकेन्द्रसिंह को गिरफ्तार किया गया। वारदात में प्रयुक्त स्कॉर्पियो वाहन और अन्य फरार आरोपियों के संबंध में पूछताछ जारी है। पुलिस का कहना है कि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है और जल्द ही सभी को पकड़कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## मार्च माह का जनसुनवाई कार्यक्रम घोषित

हर्ष सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जिले में मार्च माह में आयोजित होने वाली त्रि स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। इसके तहत 5 मार्च को ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित की जाएगी। वहीं 12 मार्च को अटल जन सेवा शिविर ब्लाक स्तर पर आयोजित होगा, पिलानी एवं सिंघाना ब्लॉक के ये शिविर 13 मार्च को आयोजित होगा। वहीं जिला स्तरीय जनसुनवाई 19 मार्च को कलेक्ट्रेट में जिला कलेक्टर डॉ अरुण गर्ग करेंगे।

## 12 मार्च को लगेगा विशेष शिविर

जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** दूर दराज क्षेत्र के पेंशनर्स को अपनी परिवेदनाओं शिकायतों के समाधान के लिए संभाग स्तर पर स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में सम्पर्क करना पड़ता है। पेंशनर्स की मुख्य परिवेदना जन्म तिथि, नाम संशोधन, पेंशन संशोधन, बकाया एरियर आदि के भुगतान से सम्बंधित होती है। पेंशन विभाग द्वारा कोष कार्यालय स्तर पर पेंशनर्स की परिवेदनाओं के निवारण के लिए 12 मार्च को प्रात: 11 बजे से सायं 4 बजे तक उपकोष पेंशन झुंझुनू में शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर के लिए अतिरिक्त कोषाधिकारी पेंशन प्रेरणा कालेर को नॉडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## कलम दवात पूजन व स्नेह मिलन समारोह 5 को

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** कायस्थ हितकारिणी समिति की ओर से होली के अवसर पर भगवान चित्रगुप्त व कलम दवात पूजन 5 मार्च को की जाएगी। इस दौरान कायस्थ समाज की सामूहिक होली स्नेह मिलन समारोह में फूलों की होली खेली जाएगी। समिति के अध्यक्ष राधाकृष्ण माथुर की अध्यक्षता में कार्यक्रम शाम 5 बजे कायस्थ कॉलोनी स्थित चित्रगुप्त भवन में आयोजित किए जाएंगे। कायस्थ हितकारिणी समिति के महासचिव अश्वनी माथुर ने बताया कि इस अवसर पर भगवान चित्रगुप्त व कलम दवात पूजन, समाज को दिए अमूल्य योगदान के लिए पूर्व अध्यक्षों की स्मृति में उनके परिजनों, समाज के भवन के लिए दानदाताओं, भामाशाहों को प्रतिक चिन्ह व सम्मान पत्र देकर सम्मानित भी किया जाएगा।

## श्रीअमरापुर में धुलंडी फूलों की होली 4 को




निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** आस्था भक्ति के पावन केंद्र श्री अमरापुर स्थान में शनिवार की पावन वेला में प्रात: 8 बजे से प्रेम प्रकाश मंडलाध्यक्ष पूज्य गुरुदेव सतगुरु स्वामी भगत प्रकाश महाराज के पावन श्री मुख से भक्ति का रसपान हुआ । होली के पावन अवसर पर गुरुदेव ने अपनी अमोलक वाणी में बताया कि जीवन में सत्य और विश्वास की कि सदैव विजय होती है । जिस प्रकार भक्त प्रहलाद ने घट घट में भगवान के दर्शन करे और वरदान प्राप्त होलीका की गोद में बैठ कर भी अग्नि से जीवित निकले और पिता के अभिमान को चूर किया, उसी प्रकार हमें भी आपने अंदर बैठे क्रोध अभिमान को हृदय के अंदर प्रज्वल अग्नि में भस्म करना है । भगवान पर हमेशा विश्वास धर प्यारा दो दिवसीय जयपुर प्रवास पे पधारे पूज्य गुरु महाराज जी का रविवार को प्रात: काल भी दर्शन सत्संग का कार्यक्रम होगा । इस अवसर पर संत मनोहर लाल महाराज, संत मोनूराम महाराज, संत नरेश लाल, भगत हरिदास, बालक मंडली कटनी से पधारे, दिलीप गोर्वधन उदासी ने भजन संकीर्तन किया, सदगुरु टेऊँराम महाराज की महिमा का गुणगान किया। इसी के साथ संतो सदगुरु स्वामी टेऊँराम जी महाराज द्वारा रचित वाणी दोहे पद भजन का गायन किया। श्री अमरापुर दरबार पर धुलंडी फूलों की होली महोत्सव 4 मार्च बुधवार को सुबह 7 से 11 बजे तक भक्ति भाव से मनाया जाएगा।

## ग्यारह हजार धर्म योद्धा घर-घर मनाएंगे हिंदू नव वर्ष

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** हिंदू आध्यात्मिक एवं सेवा संस्थान की ओर से चैत्र प्रतिपदा की पूर्व संध्या पर धूमधाम से हिंदू नववर्ष सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। प्रदेश सचिव सोमकांत शर्मा ने बताया कि शनिवार को सहकार मार्ग स्थित सेवा सदन में कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। इसमें 11 हजार धर्म योद्धाओं को जोड़ने का संकल्प लिया गया। इन धर्म योद्धाओं के माध्यम से हिंदू नववर्ष को धूमधाम से प्रत्येक गली मोहल्ले में मनाया जाएगा। बैठक में सभी कार्यकर्ताओं को ओम पताका, ओम ध्वज एवं हिंदू नव वर्ष मनाने की विधि के पत्रक को भेंट किया गया।

# शहर के तीन क्षेत्रों में हुआ हिन्दू सम्मेलन का आयोजन

निसं



**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में चार बस्तियों के सर्व समाज के नागरिकों द्वारा 3 अलग-अलग स्थानों पर विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सुबह 11 बजे संचियालाल आदर्श विद्या मंदिर में संत रविदास बस्ती व आचार्य महाप्रज्ञ बस्ती द्वारा संयुक्त रूप से सम्मेलन किया गया, जिसमें नौसरिया के पूज्य संत सीताराम महाराज का सान्निध्य रहा। दूसरा सम्मेलन दोपहर 1 बजे संत हरिदास मंदिर प्रांगण में भगतसिंह बस्ती के गणमान्य लोगों द्वारा संत सीताराम महाराज नौसरिया व योगेशनाथ महाराज के सान्निध्य में आयोजित किया गया। इसके पश्चात् तृतीय सम्मेलन दोपहर 3 बजे दी यंग्स वेलफेयर सोसाइटी भवन में श्रीराम बस्ती के सर्व समाज के लोगों द्वारा संत सुरजीतनाथ महाराज राजलदेसर के सान्निध्य में आयोजित किया गया। विभिन्न बस्तियों के इन कार्यक्रमों में मुख्य वक्ता के तौर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला सह कार्यवाह रामकृष्ण सावरकर उपस्थित रहे। तीनों सम्मेलनों का शुभारंभ संतों व अतिथियों द्वारा भारत माता के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। संचियालाल आदर्श विद्या मंदिर व संत हरिदास मंदिर में आयोजित हुए सम्मेलन में अपने हृदयोद्गार प्रकट करते हुए संत सीताराम महाराज ने उपस्थित जनों को जाति पांति त्यागकर एक दूसरे के साथ स्नेह, समरसता और सौहार्द के साथ रहकर राष्ट्र की उन्नति हेतु कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर विद्या मंदिर के नन्हे मुन्ने बालक बालिकाओं द्वारा रंगारंग स्वागत गीत व देश भक्ति गीत व नृत्य नाटिकाएं प्रस्तुत की गयी। सोसाइटी भवन में हुए सम्मेलन में होली स्नेह मिलन, श्याम संग फूलों की होली तथा जीण माता मंदिर चंग कमेटी द्वारा फाल्गुन के गीत और राजस्थानी लोक नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी गई । इन सभी सम्मेलनों में भारत माता का चित्र भेंट कर सुयोग्यजनों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर आयोजन समितियों की तरफ से अध्यक्षीय आभार प्राचार्य शरद कुमार, वैद्य लक्ष्मीनारायण शर्मा व विश्वनाथ शर्मा ने प्रकट किया। कार्यक्रमों में मंच संचालन कृपा शंकर स्वामी, धनराज इंदौरिया व शिवकरण शर्मा ने किया। इस अवसर पर सैंकड़ों की संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# हजारों लोग उमड़े श्याम बाबा की भजन संध्या में

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय श्री श्याम शखा मंडल द्वारा श्याम महोत्सव 2026 के तहत गत रात्रि को विशाल भजन संध्या का आयोजन नया बास क्लब में किया गया। जिसमें छोटू सिंह एंड पार्टी द्वारा विशाल भजन संध्या में शानदार प्रस्तुतियां दी गई। मंडल के सेंटलर रामावतार मंत्री ने बताया के नरेंद्र शर्मा, गिरधारी लाल जांगिड़, पवन सोनी, सागरमल स्वामी, महेश सोनी ने सपत्नी बाबा की ज्योत लेकर कार्यक्रम की शुरुआत की। छोटू सिंह ने गणेश वंदना से शुरूआत करते हुए-तीन बाण के धारी श्याम बाबा के एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी। श्याम धमाल गाकर सभी श्याम भक्तों को नाचने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में पुष्प वर्षा, इत्र वर्षा की गई। श्याम की फौज द्वारा 51 किलो की पुष्पमाला पहनाकर व श्याम बाबा का प्रतीक चिन्ह देकर वह दुपट्टा पहनाकर छोटू सिंह का स्वागत किया। देर रात्रि तक चल रहे प्रोग्राम में हजारों की संख्या में श्याम भक्त मौजूद रहे। वहीं बाबा श्याम की दिव्य झांकी भी सजाई गई। खीर चूरमे का भोग बाबा शाम को लगाया गया। वहीं शनिवार को दोपहर में श्याम धमाल कार्यक्रम में नरेंद्र शर्मा, आकाश सोनी, शंकर करवा, पिंटू सोनी, गौरव पारीक, यश पारीक, राहुल पारीक ने बाबा श्याम की धमाल गाकर आनंद लिया। उसके बाद महा आरती वह भंडारा प्रसाद आयोजन किया गया।

## गौड़ ब्राह्मण युवक-युवती परिचय सम्मेलन 22 मार्च को

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** गौड़ ब्राह्मण समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों के युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन 22 मार्च को गौड़ ब्राह्मण समाजोपयोगी भवन, भगवान परशुराम परिसर, सेक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर में किया जाएगा। अब तक हुए परिचय सम्मेलनों से अब तक 51 हजार से अधिक परिवार लाभान्वित हो चुके हैं। इन सम्मेलनों में देश के विभिन्न राज्यों के साथ-साथ विदेशों से भी प्रविष्टियां प्राप्त होती रही हैं। जो अभिभावक अपने पुत्र-पुत्री के लिए सुयोग्य वर-वधु की तलाश कर रहे हैं, उन्हें इस सम्मेलन का विशेष लाभ मिलेगा। सम्मेलन में विदेशों में निवासरत परिवारों सहित सरकारी उच्च पदस्थ अधिकारी-कर्मचारी, एडवोकेट, डॉक्टर, इंजीनियर, नौकरीपेशा एवं व्यवसायी वर्ग के युवक-युवतियों के बायोडाटा उपलब्ध होंगे। इच्छुक अभिभावक निर्धारित प्रपत्र भरकर जमा करवाकर इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं। सम्मेलन के लिए आवेदन प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि 5 मार्च निर्धारित की गई है। प्राप्त सभी प्रपत्रों का संकलन महासभा द्वारा प्रकाशित युगल दर्पण पत्रिका में किया जाएगा। आवेदन प्रपत्र राजस्थान की सभी जिला एवं तहसील इकाइयों पर उपलब्ध हैं, जहां उन्हें जमा भी कराया जा सकता है।

## प्रिंस कॉलेज की कविता एवं प्रियंका को यूनिवर्सिटी गोल्ड मेडल



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** हाल ही में पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय द्वारा यूनिवर्सिटी टॉपर्स गोल्ड मेडलिस्ट की सूची जारी की गई है। इस सूची में सीकर स्थित प्रिंस कॉलेज की दो छात्राएं कविता बाजिया एवं प्रियंका मीणा शामिल हैं। कविता ने एम.एस.सी फिजिक्स में 86.17 प्रतिशत अंक के साथ शेखावाटी यूनिवर्सिटी को टॉप कर गोल्ड मेडल जीता है। वहीं प्रियंका ने एम.ए. भूगोल में 80.30 प्रतिशत अंक के साथ शेखावाटी यूनिवर्सिटी को टॉप कर गोल्ड मेडल जीता है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2024 में मनीषा जोधा ने बीण्कॉम में, 2023 में अनुज चौधरी ने बी.एस.सी में एवं 2022 में कल्पना चौधरी ने बी.एस.सी. में शेखावाटी यूनिवर्सिटी टॉप करके गोल्ड मेडल हासिल किया। छात्राओं की इस सफलता पर प्रिंस कॉलेज में उत्साह का माहौल रहा। प्रिंस एजुहब निदेशक जोगेंद्र सुण्डा, चेयरमैन डॉ. पीयूष सुण्डा, मुख्य प्रबंध निदेशक राजेश ढिल्लन, प्रबंध निदेशक ब्रिगेडियर जय सिंह एवं प्रिंसिपल डॉ. मनीष यादव सहित प्रबंधन सदस्यों व व्याख्याताओं ने गोल्ड मेडलिस्ट छात्राओं व अभिभावकों को बधाइयां दी।

टॉपर्स छात्राओं का साफा पहनाकर, मोंमेटो व दीवार घड़ी भेंट करके सम्मान किया गया।

## रिश्वत प्रकरण में तत्कालीन हेड कांस्टेबल के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण न्यायालय में चालान पेश

**जयपुर ( नवयत्न )।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो एसीबी की झुंझुनू चौकी ने रिश्वत प्रकरण में आरोपी तत्कालीन हेड कांस्टेबल राजेश कुमार के विरुद्ध न्यायालय में चालान पेश किया है। आरोपी उस समय पुलिस थाना सदर नीमकाथाना, जिला सीकर में मुख्य आरक्षक नंबर 171 के पद पर कार्यरत था। एसीबी के अनुसार आरोपी ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए परिवादी के भाइयों को थाना सदर नीमकाथाना में दर्ज प्रकरण संख्या 406/2025 में मुल्जिम नहीं बनाने की एवज में रिश्वत की मांग की थी। 31 दिसंबर 2025 को सत्यापन के दौरान आरोपी द्वारा परिवादी से 10 हजार रुपए बतौर रिश्वत लेना प्रमाणित हुआ। इसके बाद 1 जनवरी 2026 को आरोपी ने परिवादी से 10 हजार रुपए अपने हाथों से लेकर पेंट की जेब में रख लिए।

इसी दौरान एसीबी टीम के पहुंचने पर आरोपी ने रिश्वत की राशि जेब से निकालकर थाने की दीवार के ऊपर से फेंकने का प्रयास किया, लेकिन टीम ने उसे रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में प्रकरण संख्या 05/2026 दर्ज किया गया।

# होली महोत्सव में फाग रसियों ने दी प्रस्तुतियां

निसं



**बीदासर ( नवयत्न )।** होली के पर्व को लेकर कस्बे में मिठाई व रंगों की दुकानें सज गई है। शनिवार को होली के पर्व को लेकर बाजारों में खरीददारों की रौनक रही। वही अन्य राज्यों से आये प्रवासी नागरिकों से कस्बे में चहल पहल बढ़ गई है। रात्रि में चल रहे अनेक होली महोत्सव के कार्यक्रमों में फाग रसीयां व प्रवासी नागरिक बढ़चढ़ कर भाग ले रहे है। राजस्थानी वेशभूषा में चंग व ढप की थाप और ढोलक की रिदम पर फाल्गुनी धमालों पर देर रात्रि तक फाग रसियां जमकर ठुमके लगा रहे है। कस्बे के राजेंद्र सुरेंद्र चैरड़िया स्टेडियम में शुक्रवार की रात्रि में अभिभाषक संघ बीदासर के सौजन्य से फाल्गुन महोत्सव व होली स्नेह मिलन समारोह संघ के अध्यक्ष किशन लाल भादू की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। फाल्गुन महोत्सव में राजस्थान संगीत के गायक संजय राजस्थानी के साथ मेहरी बने नृत्य कलाकरों ने फाल्गुनी व राजस्थानी गीतों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुतिया देकर दर्शकों को ठुमके लगाने के लिए मजबूर कर दिया। कार्यक्रम को देखने के लिए दर्शकों की जमकर भीड़ उमड़ी। कस्बे के मुख्य बाजार स्थित पुराने शिवालय के पास फाग रसिया प्रभु दयाल शर्मा, राम सिंह दर्जी, मदन प्रजापत, धनराज सैन, महेंद्र सिंघी, गिरधारी लाल राजपुरोहित ने आज बृज में होली रे रसिया, बाबू परणीज, लक्ष्मण क लाग्यों रे शक्ति बाण, चालों देखण न बाईसा थारो बीरा नाच रे सहित प्रसिद्ध लोक गीतों की प्रस्तुतियों पर दर्शक झूम उठे। वही दड़ीबा के लक्ष्मी नारायण मंदिर के पास नीम गट्टा ग्रुप लोक कला समिति दड़ीबा, वार्ड एक स्थित तोलियासर भैरूजी मंदिर के पास भैरू मित्र मंडल के फाग रसियों द्वारा फाल्गुनी गीतों पर एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां देकर रसियों को नृत्य करने के लिए मजबूर कर दिया।

### प्रवासी नागरिकों द्वारा निकाली जाएगी होली की बिंदौरी

होली के पर्व पर प्रति वर्ष की भांति इस बार भी ओसवाल समाज के प्रवासी नागरिकों द्वारा वार्ड तीन बोहरा की गल्ली से गाजे बाजे के साथ कस्बे के मुख्य मार्गों से रविवार को बिंदौरी निकाली जाएगी। बिंदौरी में मुख्य आकर्षण का केंद्र घोड़ी व ऊंट नृत्य रहेगा।

# जयपुर पुलिस कमिश्नर ने जनसुनवाई कर परिवादियों को दी राहत



**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने शनिवार को शिप्रा पथ थाने में जनसुनवाई कर परिवादियों की समस्याएं सुनी और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश भी दिए। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर प्रथम मनीष अग्रवाल, पुलिस उपायुक्त दक्षिण राजर्षि राज, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त दक्षिण ललित किशोर शर्मा एवं सहायक पुलिस आयुक्त मानसरोवर आदित्य काकडे व संबंधित एसएचओ और थाने के अधिकारी उपस्थित रहे। जयपुर पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने कहा कि जनसुनवाई के दौरान कई परिवादियों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया है। उन्होंने कहा कि आमजन को राहत देने के लिए थाना स्तर में प्रतिदिन जनसुनवाई की जा रही है। जयपुर पुलिस कमिश्नर ने बताया कि जनसुनवाई के दौरान क्षेत्र में आपसी मुकदमें, पारिवारिक विवाद, जमीनी विवाद, मकानों पर कब्जे, अवैध कब्जे, चोरी, मारपीट सहित अन्य शिकायतें प्राप्त हुई। उन्होंने सभी शिकायतों की जांच कर कम से कम समय में निश्चित समयावधि में निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को परिवादियों की समस्याओं का तुरंत रिस्पॉन्स देने और निस्तारण करने के भी निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान पुलिस थाना मानसरोवर, शिप्रापथ, मुहाना, नारायण विहार एवं पत्रकार कॉलोनी क्षेत्र के परिवादियों ने अपनी समस्याएं पुलिस आयुक्त को बताकर समाधान पाया। जनसुनवाई की खास बात यह रही कि परिवादियों की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया जाता है। समय लगने वाली अन्य समस्याओं के जल्द समाधान के लिए भी निर्देश दिया जाता है। गौरतलब है कि इससे पूर्व जयपुर पुलिस कमिश्नर द्वारा एसीपी कार्यालय झोटवाड़ा एवं सामुदायिक भवन सांगानेर में जनसुनवाई कर परिवादियों की समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया जा चुका है।

# दडीबा में 5 दिवसीय गींदड़ महोत्सव का शुभारंभ

निसं




**बीदासर ( नवयत्न )।** कस्बे के दडीबा करणी माता मन्दिर के पास शुक्रवार की रात्रि में गींदड़ चैक में पांच दिवसीय फग महोत्सव लोक नृत्य कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व खनिज मंत्री खेमाराम मेघवाल व बीदासर के निर्वतमान पालिका अध्यक्ष सीताराम भोभरियां ने किया। समिति के अध्यक्ष राम अवतार मारोठिया ने बताया कि गिंदड़ केवल एक लोकनृत्य नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, हमारी परंपरा और हमारे सामूहिक उत्साह का जीवंत प्रतीक है। वर्षों से हमारे कस्बे के युवा और बुजुर्ग मिलकर इस अनमोल धरोहर को सहेजते आ रहे हैं। उनकी लग्न, तपस्या और प्रेम से यह परंपरा आज भी उतनी ही जीवंत है जितनी वर्षों पहले थी। जब नगाड़े की डंके पर गिंदड़ की गेड़ बनती है, तो पूरा दडीबा ही नहीं आस पास के क्षेत्रों में मानो रंगों और आनंद में डूब जाता है। आसपास के गांवों और क्षेत्रों से लोग इस अद्भुत लोकछटा को देखने आते हैं। यह नृत्य हमारे लोक जीवन की आत्मा है, जो पीढ़ियों को एक सूत्र में बांधता है। अध्यक्ष मारोठिया ने बताया कि 5 दिवसीय कार्यक्रम में शानदार प्रस्तुति देने वाले खिलाड़ियों को शानदार पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर समिति के उपाध्यक्ष भंवर लाल मारोठिया, भंवर सिंह राठौड़ सहित सैकड़ों की संख्या में गिंदड़ नृत्य करने वाले कलाकार व दर्शक उपस्थित थे। वही कस्बे के गांधी चौक में नगर पालिका व जन सहयोग से होने वाली तीन दिवसीय गिंदड़ नृत्य का शुभारंभ रविवार की रात्रि से होगा। गिंदड़ समिति के अध्यक्ष दिलीप सिंह राजपुरोहित ने बताया कि गिंदड़ नृत्य में अद्भुत वेषभुषा व लोक नृत्य गिंदड़ की शानदार प्रस्तुतियां देने वाले कलाकारों का सम्मान किया जाएगा।

## आम सूचना

Namdev Finvest Private Limited शाखा सरदारशहर द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मांगीलाल पुत्र रामेश्वरलाल जाट निवासी सरदारशहर जिला चूरू अपनी आवासीय जायदाद तादादी 2135 वर्ग फिट वाके वार्ड नम्बर 04, मोहल्ला गैस गोदाम एरिया, तहसील सरदारशहर जिला चूरू जो की जरिये विक्रय पत्र डीड दिनांकित 18.02.2025 को संतोष देवी पत्नी पूर्णाराम जाट से प्रार्थी की खरीद शुदा है। उक्त जायदाद को प्रार्थी Namdev Finvest Private Limited शाखा सरदारशहर में रहन रख कर वित्तीय सहायता प्राप्त करना चाहता है। उक्त सम्पति के स्वामित्व श्रंखला का मूल विक्रय पत्र दिनांकित 22.05.2022 प्रार्थी से गुम हो गया है अगर किसी व्यक्ति विशेष के पास उक्त विक्रय पत्र है तो Namdev Finvest Private Limited शाखा सरदारशहर में जमा करवा देवें। अत: सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पति संबंधित किसी बैंक वित्तीय संस्थान या किसी व्यक्ति विशेष को कोई उज्र आपत्ति या उक्त संपत्ति के स्वामित्व संबंधित कोई वाद विवाद हो तो अगले 07 दिवस में Namdev Finvest Private Limited शाखा सरदारशहर के ब्रांच मैनेजर अथवा ब्रांच अधिवक्ता भरत व्यास एडवोकेट को लिखित में सूचना दें बाद गुजरे मियाद दी गई आपत्ति अमान्य समझी जाएगी।

**भरत व्यास एडवोकेट, मो. 78774 80007, 78774 70007**

## नाम परिवर्तन

मैं अंकित कुमार चौधरी पुत्र सुभाष चन्द्र निवासी वार्ड नं. 10 मान नगर झुंझुनू (राज.)। मेरे पासपोर्ट नं L8992496 में पिता का नाम नाम सुभाष व माता का नाम इंदिरा दर्ज है। जबकि पिता का सही नाम सुभाष चन्द्र व माता का इंदिरा देवी है भविष्य में इन्हें ही सही माना जावें व पासपोर्ट में भी दुरूस्त करें।

## अणुव्रत रैली आयोजित



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** अणुव्रत समिति, लाडनूं के तत्वावधान में 78 वें अणुव्रत स्थापना दिवस के पावन अवसर पर शनिवार, को प्रात: नौ बजे से जैन विश्व भारती स्थित अणुव्रत भवन से भव्य अणुव्रत रैली का आयोजन किया गया। आचार्य श्री महाश्रमण ने मंगलपाठ सुनाकर नैतिक चेतना का संदेश दिया। साध्वी प्रमुखा विश्रुत विभा ने अपने प्रवास स्थल से मंगल पाठ का श्रवण करवाया। इस अवसर पर अणुव्रत प्रभारी मुनि मनन कुमार ने बच्चों को नैतिक मूल्यों, अनुशासन और संस्कारों की प्रेरणा देते हुए अणुव्रत के सिद्धांतों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। रैली अणुव्रत भवन से प्रारंभ होकर चौथी पट्टी होते हुए पुन: अणुव्रत भवन पहुंचकर सम्पन्न हुई। रैली में बच्चों ने हाथों में प्रेरक संदेशों की तख्तियां लेकर अहिंसा, सत्य, नैतिकता और नशामुक्ति के नारों से वातावरण को गुंजायमान कर दिया। अणुव्रत समिति अध्यक्ष शांतिलाल बैद ने कहा कि अणुव्रत आंदोलन केवल एक अभियान नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण और सामाजिक जागृति का सशक्त माध्यम है। इस अवसर पर अणुव्रत विश्व भारती के न्यासी राकेश कठोतिया, चन्दा नाहटा, अध्यक्ष प्रमोद बैद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेन्द्र खटेड, लाडनूं तेरापंथी महिला मंडल अध्यक्ष आरती कठोतिया, तेरापंथ जैन परिषद के अध्यक्ष राजकुमार सुराणा, डॉ. वीरेन्द्र भाटी मंगल, प्रकाश चन्द सुराणा, आलोक कोठारी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## समरसता यज्ञ का आयोजन




निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** श्री जगन्नाथ कंदोई बालिका उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर द्वारा संचालित काली बाई सरस्वती संस्कार केंद्र भोपा बस्ती में अपराह्न 4:15 बजे समरसता यज्ञ का आयोजन हुआ जिसकी अध्यक्षता रेशमा कंवर मोहनसिंह भाटी ने की यज्ञ पालक आचार्य बनवारीलाल दाधीच के सान्निध्य में एवं गायत्री परिवार के सूबेदार दरियासिंह के द्वारा मंत्र उच्चारण से संपन्न हुआ। यज्ञ में विनोददेवी फौजीराम भोपा, कैलाश देवी टेकचंद भोपा, भेपा देवी जीतूराम भोपा, कविता देवी गणपतराम भोपा, धन्ना देवी बलराम भोपा पांच जोड़े यज्ञ में बैठे तथा रितु देवी ख्यालीराम प्रजापत, भंवरी देवी बीरबलराम दो जोड़ों ने सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में श्रवण स्वामी, अर्जुन मेघवाल, मेघराज प्रजापत, महावीर दादरवाल, बजरंग नोखवाल, गणेश जांगिड़, मेघ सिंह मिस्त्र, सुरेंद्र छिंपा, काशीराम गुरी, छोटूलाल प्रजापत, खेताराम, संतलाल मेघवाल श्रवण नाई, कुलदीप शर्मा, तिलोक नाई, मामराज, भोलाराम मेघवाल घर से पधारे महिलाओं एवं बच्चों ने उपस्थित रहकर यज्ञ में अपनी आहुति दी केंद्र के भैया बहिनों ने भी गायत्री मंत्र उच्चारण एवं यज्ञ आरती कर कार्यक्रम को रोचक बना दिया केंद्र चालक राजकुमार मेघवाल ने शांति मंत्र करवाया वहीं प्रसाद वितरण से कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## युवक को मारा-पीटा, वीडियो आया सामने

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय धिंगानिया बास के निवासी एक युवक के साथ करीब 10-11 युवकों द्वारा घेरकर उसके साथ मारपीट किए जाने का विडियो सामने आया है। हालांकि विडियो में युवक के साथ तीन-चार लड़के मारपीट कर रहे हैं, जबकि बाकी तमाशा देखते हुए नजर आ रहे हैं और एक युवक बार-बार गलती मानते हुए छोड़ देने की गुहार लगाता हुआ नजर आ रहा है। फिर भी एक युवक हाथ पकड़े रहता है, जबकि तीन-चार युवक मारपीट करते विडियो में दिख रहे हैं। इस बारे में स्थानीय कोतवाली पुलिस थाने में अरमान पुत्र अकरम निवारिया, निवासी धिंगानिया बास की ओर से रिपोर्ट देकर बताया गया है कि मुझे नूर नगर के खाली मैदान में ले गए और वहां पर जाकिर पुत्र सलीम, राशिद पुत्र रफीक, फरदीन पुत्र फारूक, निवासी धिंगानिया बास ने मेरे साथ मारपीट की, फिर लोगों ने मुझे छुड़ाया। दूसरी ओर विडियो सामने आने से पता चलता है कि असामाजिक तत्वों में धीरे-धीरे कानून का खौफ खत्म होता दिख रहा है और युवा लोग अपराध करके वीडियो बनाते वक्त बिल्कुल भी गुरेज नहीं करते।

# गोविंददेवजी मंदिर में दो दिवसीय पुष्प फाग संपन्न

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** आराध्य देव गोविंद देवजी मंदिर में दो दिवसीय पुष्प फागोत्सव का जादू शनिवार को छोटीकाशी के श्रद्धालुओं के सिर चढ़ कर बोला। राजस्थानी भाषा के फाल्गुनी भजनों पर कलाकारों ने सुंदर नृत्य प्रस्तुत कर माहौल को पूरी तरह होली के रंग में रंग दिया। सैकड़ों कलाकारों ने गायन और वादन से ठाकुरजी को रिझाया। मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी, प्रवक्ता मानस गोस्वामी, श्रीकांत शर्मा, कार्यक्रम संयोजक बालकृष्ण बालासरिया, हरि प्रसाद भूत ने गोविंद देवजी के चित्रपट, दुपट्टा, पुष्प गुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया। श्रद्धालुओं से अटे सत्संग भवन में फूलों और इत्र की खुशबू से महकते और श्रद्धालुओं से खचाखच भरे सत्संग भवन में श्रीकांत शर्मा ने उड़ती कुरजलिया संदेशो म्हारो लेती जाइ ज्ये रे, गोविंद म्हाने प्यारो लागे जी, सांवरिया सरकार खेलो होली, घूंघट म्हारो हटाय कान्हो मले छै



गुलाल, होली खेलो श्याम पिया संग जिंदगी को आनंद आ ज्यासी, होली आई रे सांवरिया अब तो बाहर आ, म्हारे काना मं झुमका पहना दे नंदलाल और खेलों खेलो होली नटवर नागरिया, झोली भर लो भक्तों रंग और गुलाल से होली खेलेंगा आपा राधे गोपाल, नैना नीचा करले श्याम से जैसे भजनों की कर्णप्रिय प्रस्तुतियां दी। राधा और सखियों ने ठाकुरजी के साथ होली में भजन पर नृत्य कर उपस्थित लोगों को अपने संग नचाया। राधा-कृष्ण और सखियों के स्वरूप में भाव प्रवण नृत्य ने एक बार फिर दर्शकों के मन पर प्रभाव छेड़ा। राधा-कृष्ण के रूठने-मनाने, हंसी-ठिठोली और हास-परिहास के भावों को कलाकारों ने अपने चेहरे के मनोभावों से जीवंत कर दिया। भगवान कृष्ण की होली खेलने की मनोहारी लीलाओं का सुंदर मंचन करते भजनों पर नृत्य कर तालियां बटोरी। वहीं विराट कृष्णा और अन्य कलाकारों ने महारास, फूलों की होली और मयूर नृत्य की सुंदर प्रस्तुति दी। कलाकारों ने चंग और डप की आकर्षक प्रस्तुतियां दी। होली महोत्सव के मौके पर गोविंद धाम में शनिवार को श्रीकृष्ण को लड्डू खिलाते हुए यशोदा मैया की रचना झांकी सजाई गई। गोविंद धाम में कोलकाता के श्रीकांत शर्मा पिछले 25 साल से पुष्प फाग महोत्सव का आयोजन करते आ रहे हैं। इस मौके पर आराध्य देव गोविंद देवजी मंदिर शनिवार को पूरी तरह होली के रंग में रंगा नजर आया। सभी श्रोता कार्यक्रम के आरंभ से समापन तक नाचते ही रहे। कोलकाता के कलाकारों ने तीन घंटे तक मंत्रमुग्ध करने वाली प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भक्ति की डोर से बांधे रखा। राधा-कृष्ण और सखियों के स्वरूप में भजनों के बोल के अनुरूप कायिक और आंगिक अभिनय से मन जीत लिया। भजनों की स्वर लहरियों पर इन्होंने सुंदर नृत्य प्रस्तुत कर जमकर तालियां बटोरी। कृष्ण और राधा के स्वरूप पर बार-बार पुष्प वर्षा होती रही।

एक दर्जन से अधिक युवतियों ने विभिन्न भजनों पर भाव प्रवण कर नृत्य किया। विराट कृष्ण और अन्य आठ कलाकारों ने फाग का रास और मयूर नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। कथा वाचक कोलकाता के श्रीकांत शर्मा के अनुसार गोविंद देवजी मंदिर में इस बार 25 साल इस आयोजन को हो गए। पुष्प फाग उत्सव की शुरुआत एक रोचक घटना चक्र से हुई। देश-दुनिया में भागवत कथा कर रहे श्रीकांत शर्मा की 2001 में गोविंद देवजी को भागवत कथा सुनाने की इच्छा हुई। बालकृष्ण बालासरिया ने इसके लिए गोविंद देवजी मंदिर के पीछे स्थित जय निवास उद्यान को बुक करवा दिया। मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी ने कहा कि कथा मंदिर परिसर में हो तो ज्यादा अच्छा रहता। इसके बाद वर्तमान सत्संग भवन की खाली पड़ी जगह पर डोम बनाकर कथा शुरू की गई। कथा का समापन होली से एक सप्ताह पूर्व हुआ था। तब श्रीकांत शर्मा ने फूलों की होली का एक छोटा सा कार्यक्रम किया जो सभी को बेहद पसंद आया। जयपुर में फूलों की होली का वह पहला कार्यक्रम था। गोविंद देवजी मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी ने श्रीकांत शर्मा से आग्रह किया है कि फूलों की होली का यह कार्यक्रम हर साल गोविंद देवजी मंदिर में हो। श्रीकांत शर्मा ने उनका निवेदन स्वीकार करते कहा कि फूलों की होली तब तक होगी जब आप ना नहीं कहेंगे। अब श्रीकांत शर्मा देश-दुनिया के किसी भी कोने में क्यों न हो वे हर साल फाल्गुनी शुक्ल की एकादशी और द्वादशी जयपुर आते हैं और यह कार्यक्रम करते हैं।

# यूजीसी सभी नागरिकों पर समान रूप से लागू हो : जगद्गुरु वासुदेवानंद

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जगद्गुरु स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती ने शनिवार को मोती डूंगरी गणेश मंदिर में दर्शन किए। मंदिर में प्रथम पूज्य भगवान गणेश की पूजा के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विशेष आराधना की। देश-प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर के महंत कैलाश शर्मा ने गुरु-शिष्य परंपरा के तहत शंकराचार्य के चरण धोकर आशीर्वाद लिया और फिर चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित करते हुए प्रसाद भेंट किया। इस दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ रही और जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। दर्शन के बाद शंकराचार्य ने कहा कि वे जब भी जयपुर आते हैं तो मोती डूंगरी अवश्य पहुंचते हैं, भगवान गणेश की उन पर विशेष कृपा है। वे उनके आराध्य हैं। होली पर्व को लेकर उन्होंने बताया कि फाल्गुन अष्टमी से ही



होली का उत्सव शुरू हो चुका है और विभिन्न स्थानों पर अलग-अलग तिथियों पर होली मनाई जाती है। अष्टमी को बरसाने की होली, नवमी को नंदगांव की होली, एकादशी को बिहारीजी की होली और इसी प्रकार जन्मस्थान की होली होती है। इसमें किसी प्रकार का विरोध नहीं होना चाहिए। होली आनंद और भक्ति का पर्व है, रोज भी मनाएं तो उत्तम है।

### सभी नागरिकों पर समान रूप से लागू होनी चाहिए यूजीसी

समान नागरिकता संहिता को लेकर जारी बहस के बीच जगद्गुरु शंकराचार्य वासुदेवानंद सरस्वती ने कहा कि यदि सरकार समान नागरिकता संहिता लाती है तो वो सभी नागरिकों पर समान रूप से लागू होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि समान नागरिकता संहिता को लेकर आपत्ति नहीं है, बशर्ते उसका स्वरूप सर्वमान्य हो। पर्व-त्योहारों की तिथियों को लेकर अलग-अलग मान्यताओं पर पूछे गए प्रश्न के जवाब में शंकराचार्य ने कहा कि सनातन परंपरा में विविधता स्वाभाविक है। रामानुज संप्रदाय अपनी तिथि के अनुसार पर्व मनाता है, स्मार्त परंपरा अपनी मान्यता के अनुसार। सभी अपने मतानुसार आस्था व्यक्त करते हुए पर्व मनाते हैं। इसमें कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए, यही हमारी संस्कृति की विशेषता है।

## अनूठी पहल के साथ गींदड़-2026 का शुभारम्भ



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** शहर के प्रसिद्ध पारंपरिक गींदड़ महोत्सव-2026 का शुभारंभ शुक्रवार शाम उत्साह और धूमधाम के साथ हुआ। इस बार आयोजन की शुरुआत एक अनूठी पहल के साथ की गई, जिसमें गींदड़ परंपरा को जीवित रखने वाले स्थानीय नृत्य कलाकारों से ही फीता कटवाकर शुभारंभ कराया गया। शुभारंभ से पहले विधि-विधान के साथ पूजन किया गया। इसके बाद कलाकारों ने पारंपरिक वेशभूषा में शानदार गींदड़ नृत्य प्रस्तुत किए। ढोल और लोक वाद्यों की थाप पर देर रात तक दर्शक कार्यक्रम का आनंद लेते रहे। गींदड़ की विचित्र और रंग-बिरंगी वेशभूषा हमेशा की तरह आकर्षण का मुख्य केंद्र रही, जिसे देखने के लिए लोग उत्सुक नजर आए। आयोजन स्थल पर दर्शकों की सुविधा के लिए बैठने की अच्छी व्यवस्था की गई है। महिलाओं के लिए अलग से बैठने की विशेष व्यवस्था रखी गई है। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पूरे परिसर में सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। समिति की ओर से प्रतिदिन श्रेष्ठ कलाकारों को सम्मानित किया जा रहा है।

## व्यसन मुक्त जीवन और पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में अणुव्रत विश्व भारती सोसायटी के तत्वावधान में चल रहे अणुव्रत स्थापना दिवस कार्यक्रमों की श्रृंखला में अणुव्रत समिति द्वारा अणुव्रत प्रचार रैली निकाली गई। समिति के सह मंत्री नरेंद्र सांकृत्य ने बताया कि पूर्व पालिकाध्यक्ष संतोष कुमार इंदौरिया के सान्निध्य में स्थानीय जैन परिषद् भवन से प्रारंभ हुई रैली व्यसन मुक्त जीवन और पर्यावरण संरक्षण के नारे लगाती हुई नगर के हृदय स्थल घंटाघर से होते हुए हनुमान बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में पहुंची जहां इको फ्रेंडली फेस्टिवल का संकल्प लिया गया।

अणुव्रत समिति के अध्यक्ष कुलदीप व्यास ने समस्त सहयोगियों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा के अध्यक्ष मोतीलाल तातेड़, अणुव्रत समिति के कोषाध्यक्ष राजकुमार बैद, हनुमान बालिका विद्यालय की प्राचार्या मेघा शर्मा, अनिल आंचलिया, पूनमचंद दूगड़ ए राकेश धाडेवा, चंद्रप्रकाश दूगड़, दिवाकर तातेड, नवोदयन किड्स एकेडमी के निदेशक रामचंद्र पारीक, तेजस तातेड, सुरेश सेवदा, राधेश्याम प्रजापत आदि उपस्थित थे।

# एलपीयू-फगवाड़ा बना हनुमान सिंह हैंडबॉल चैंपियन

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** एलपीयू-फगवाड़ा ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए सवाई मान सिंह स्टेडियम पर सम्पन्न तीन दिवसीय 20वी ऑल इंडिया हनुमान सिंह महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप 2025-26 का खिताब अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले में एलपीयू-फगवाड़ा ने नॉर्दर्न रेलवे को 26-23 से हराया। मध्यांतर तक विजेता टीम ने 16-08 से बढ़त बना रखी थी। मेजबान राजस्थान एवं बीएसएफ संयुक्त तीसरे स्थान पर रहे। बेस्ट प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट एलपीयू-फगवाड़ा की भावना शर्मा रही। इन्हें हनुमान सिंह ट्रॉफी के 5100 रूपये के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि डिप्टी कमिश्नर जयपुर विकास प्राधिकरण राजेंद्र सिंह सिसोदिया थे। समारोह की अध्यक्षता राज्य हैंडबॉल के संरक्षक महेंद्र शर्मा ने की। जबकि विशिष्ट अतिथि बालोतरा हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष मदन सिंह खींची व सीए मुकेश अग्रवाल थे। इस अवसर पर राज्य हैंडबॉल संघ के मानद सचिव यश प्रताप सिंह, कोषाध्यक्ष लोकेश शर्मा, संयुक्त



सचिव भंवर बलवीर सिंह राजावत भी मौजूद थे। हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के तत्वावधान में राजस्थान राज्य हैंडबॉल संघ एवं हनुमान सिंह फाउंडेशन द्वारा आयोजित तथा एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक, इंडियन ऑयल एवं चिरकली द्वारा प्रायोजित इस टूर्नामेंट में दस टीमों ने भाग किया था तथा कुल 23 मैचेस खेले गए। राज्य हैंडबॉल संघ के मानद सचिव यश प्रताप सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में सभी सात पोजीशन की बेस्ट प्लेयर्स को 2100-2100 रूपये का नकद पुरस्कार दिए गए। उन्होंने बताया कि भारतीय महिला हैंडबॉल टीम के हेड कोच सचिन चौधरी इंडियन रेलवे एवं कोच मनीषा राठौड़ राजस्थान का भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर प्रतियोगिता के निर्णायक व टेक्निकल ऑफिशियल चन्दन ठाकुर हिमाचल प्रदेश, जितेंद्र सिंह दिल्ली, कीर्ति तेलंगाना, भगवान सिंह मेवानगर राजस्थान, चंद्रशेखर राजस्थान, उत्तम सिंह शेखावत राजस्थान, पीयूष चौधरी राजस्थान को भी सम्मानित किया गया।

## सांस्कृतिक मण्डल द्वारा राजकीय होलीका दहन 2 मार्च को

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** सांस्कृतिक मण्डल, सीकर द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी राजकीय होलीका दहन का आयोजन पारंपरिक रीति-रिवाज एवं शुभ मुहूर्त के अनुसार किया जाएगा। संयुक्त मंत्री जानकीप्रसाद इन्दोरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि 2 मार्च, सोमवार को देर रात्रि 1:30 बजे विधिवत मंत्रोच्चार एवं पूजा-अर्चना के साथ राजकीय होलीका दहन सम्पन्न किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 2 मार्च को रात्रि 1 बजे संस्था का पूजन दल बावड़ी गेट स्थित रघुनाथजी का मंदिर से शाही लवाजमें के साथ रवाना होगा। यह पूजन दल मोचीवाड़ा स्थित ब्यूचानी के पास राजकीय होली खेड़ा पहुंचेगा, जहां वैदिक विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर होलीका दहन किया जाएगा।

# शिवाजी सेवा संस्थान का रंगरूड़ौ फाग उच्छब का शुभारम्भ

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में राजस्थानी लोक संस्कृति ही हमारी पुख्ता पहचान है। यह विचार पूर्व वन, पर्यावरण, खनिज एवं देवस्थान विभाग मंत्री राजकुमार रिणवा ने व्यक्त किए। वे यहां शिवाजी सेवा संस्थान में चार दिवसीय रंग:ड़ौ फाग उच्छब-2026 के शुभारंभ के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। रिणवा ने कहा कि रंगरूड़ौ फाग उच्छब की परंपरा लगभग 50 वर्षों पुरानी है, शिवाजी नगर के निवासी बधाई एवं साधुवाद के पात्र हैं कि इतने लंबे समय से ऐसा अनूठा व गरिमामय कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिवाजी सेवा संस्थान मायड़ भासा राजस्थानी व लोक संस्कृति को समर्पित संस्थान



है और यहां समय समय पर संस्कृति में रचे बसे आयोजन होते रहते हैं। इससे पूर्व संस्थान के प्रांगण में नगाड़े व चंग पर थाप के साथ संस्थान के अध्यक्ष किशोरी लाल बील, संस्थान के संरक्षक जयदेवप्रसाद माली, झाबरमल पीपलवा, गोविंद प्रसाद सोनी, बनवारी लाल सोनी आदि सहित दर्जनों महानुभावों की ओर से रंगरूड़ौ फाग उच्छब-26 का शुभारंभ किया गया। शिवाजी सेवा संस्थान के रंग रसिया कलाकारों की ओर से गणेश वंदना व फागणिया धमाल प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम का विधि पूर्वक शुभारंभ के पश्चात रामगढ़ शेखावाटी के याराना ढ़प मंडल की ओर से चंग बासुरी व धमाल कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर मंचस्त चंद्रशेखर भुढाढरा, गोपीचंद्र प्रजापत, एडवोकेट देवीसिंह राजपुरोहित, सुशील कुमार गौड़, रमेश कुमार चोटिया सहित कई अतिथियों का संस्थान के सदस्यों द्वारा साफा बांध कर स्वागत किया। कार्यक्रम बनवारीलाल बील, सुभाष वर्मा, सुरेन्द्र नोहाल, रामोतार नोखवाल, गोविंद सोनी, मयंक नोहाल व विक्रम स्वामी के गणेश वंदना से शुरू हुए कार्यक्रम में याराना ढप मंडल, रामगढ शैखावाटी व संस्थान के फाल्गुनी रंग रसीयो साथियो द्वारा फाल्गुनी गीतों के साथ रोचक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां ने दर्शकों को थिरकने पर मजबूर किया। इस अवसर पर शंकरलाल गुरावा, विकास रिणवा, मुरलीधर मंडगिरा, मनीष रिणवा, राधेश्याम पिपलवा, कौटिल्य पारीक, हितेश माटोलिया, रामोतार धानुका, हीरालाल नोहाल, गणेश सोनी, केशव पुरोहित, शीव कुमार पिपलवा, संतोष सोनी, धीरज नोहाल, गोपाल सोनी, कैलाश पिपलवा, भागीरथ पिपलवा, बनवारी स्वामी, किशन भाटी, बनवारी सोनी, चांद रिणवा, रामरतन सोनी, बनवारीलाल पिपलवा सहित कई गणमान्यजन उपस्थित थे। मंचिय संचालन सयोंजक अशोक वर्मा ने आयोजित चार दिवसीय कार्यक्रम की जानकारी दी।

## एमडी सप्लाई मामले में 15 हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** मुहाना थाना पुलिस ने मानसरोवर क्षेत्र में मादक पदार्थ एमडी की अवैध बिक्री के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए छह माह से फरार चल रहे 15 हजार रुपए के इनामी आरोपी प्रकाश चौधरी 23 को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि 15 सितंबर को मानसरोवर स्थित कावेरी पथ मध्यम मार्ग पर एक युवक द्वारा एमडी बेचने की सूचना मिली थी। सूचना पर पुलिस थाना मानसरोवर की टीम ने मौके पर दबिश देकर कमलेश कुमार विश्नोई को गिरफ्तार किया था। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 87.70 ग्राम एमडी बरामद हुई। इस संबंध में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। मामले की जांच पुलिस थाना मुहाना को सौंपी गई। अनुसंधान में सामने आया कि कमलेश ने यह मादक पदार्थ प्रेम डुडी से खरीदा था, जिसे पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है। आगे की जांच में खुलासा हुआ कि प्रेम डुडी को यह एमडी प्रकाश चौधरी ने सप्लाई की थीए जो वारदात के बाद से फरार चल रहा था। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए 18 फरवरी को 15 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। साइबर सेल जयपुर साउथ से मिले तकनीकी इनपुट के आधार पर मुहाना थाना पुलिस ने डीएसटी टीम वेस्ट जोधपुर कमिश्नरेट के सहयोग से 26 फरवरी को आरोपी को जोधपुर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अब नेटवर्क से जुड़े अन्य संदिग्धों की तलाश में जुटी है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190